हरिभूमि
रायपुर भूमि

## सबसे ज्यादा फायदे में बिल्हा-बेलगहना रेलवे स्टेशन

26 जोड़ी यानी 52 ट्रेनों को 15 स्टेशनों पर स्टापेज मंजूर किया गया है, जो कि 1 सितंबर से लागू होगा। इन स्टेशनों में सबसे फायदे में बिल्हा और बेलगहना रेलवे स्टेशन रहा है। जहां पर क्रमशः 4 व 3 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज दिया गया है। राजनैतिक दृष्टिकोण से बिल्हा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और बेलगहना रेलवे स्टेशन केंद्रीय मंत्री सांसद तोखन ▸▸शेष पेज 9 पर

# 6 साल बाद अब हथबंद स्टेशन पर रुकेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- कोरोनाकाल से बंद 52 ट्रेनों का 19 स्टेशनों पर स्टॉपेज आज से होगा शुरू



कोरोना महामारी के बाद यात्रियों की कमी के चलते रेलवे ने छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया था। करीब 6 साल बाद अब रेलवे ने इन स्टेशनों पर फिर से स्टॉपेज शुरू करने का फैसला लिया है। इस फैसले से अब लंबी दूरी की ट्रेनें हथबंद, बिल्हा, पेंड्रारोड, बेलगहना, ब्रजराजनगर, करगीरोड समेत कई छोटे स्टेशनों पर दो मिनट के लिए रुकेंगी। रेलवे ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की कुल 52 ट्रेनों का 19 स्टेशनों पर स्टॉपेज पहले बंद किया था। आज से यह सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी। स्टॉपेज शुरू होने के साथ ही इन स्टेशनों से टिकट बुकिंग भी चालू कर दी गई है। लंबे समय से यात्री लगातार इस सुविधा की मांग कर रहे थे। प्रदेश के मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने भी रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर स्टॉपेज शुरू करने की पहल की थी।

### स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव

**हथबंद**
- 18238 अमृतसर–बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस
- 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

**पेंड्रारोड**
- 18258 चिरमिरी–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 18257 बिलासपुर–चिरमिरी एक्सप्रेस

**बिल्हा**
- 18030 शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस
- 18029 एलटीटी–शालीमार एक्सप्रेस
- 12855 इतवारी–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12856 बिलासपुर–इतवारी एक्सप्रेस
- 18240 इतवारी–कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस
- 18239 गेवरा रोड–इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस
- 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस
- 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस

**ब्रजराजनगर**
- 18110 इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस
- 18109 टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस

**बेलपहाड़**
- 20808 अमृतसर–विशाखापट्टनम एक्सप्रेस
- 20807 विशाखापट्टनम–अमृतसर एक्सप्रेस

**मुल मारोरा**
- 12852 चेन्नई सेंट्रल–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर–चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस

**धुरवासिन**
- 11752 चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस
- 11751 रीवा–चिरमिरी एक्सप्रेस ▸▸शेष पेज 9 पर

दुकानों के सामने भारी गंदगी, पार्किंग की व्यवस्था तक नहीं

# बूढ़ातालाब चौपाटी की तीन दुकानें सील

## मेयर नाराज, बोलीं- स्कूल के आसपास व्यवसाय नहीं चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार



- पाथवे पर आने-जाने वालों को रोकने की मिली शिकायत
- परिक्रमा पथ पर विवादित चौपाटी

राजधानी के बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर चौपाटी की दुकानें रविवार को खुली पाई गईं। निगम की अनुमति के बिना चौपाटी की 3 दुकानें खोलने पर महापौर मीनल चौबे ने निगम के अधिकारियों और चौपाटी संचालक को फटकार लगाई। पार्किंग और सफाई व्यवस्था के बिना संचालित हो रही चौपाटी की तीन दुकानों को महापौर मीनल चौबे ने अपने सामने खुद सील कराया। महापौर को चौपाटी संचालक ने फोन पर बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से उन्हें दुकान संचालन की अनुमति मिली है। इस पर महापौर श्रीमती चौबे ने कहा कि नगर निगम सीमा होने की वजह से उन्हें निगम के नियमों का पालन करना होगा। महापौर ने दानी गर्ल्स स्कूल का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल के आसपास किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि सहन नहीं की जाएगी।

दरअसल, बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर चौपाटी खुलने की शिकायत मिलते ही रविवार को महापौर मीनल चौबे एमआईसी सदस्यों और वार्ड पार्षद तथा जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा के साथ सुबह स्थल निरीक्षण करने पहुंचीं। इस ▸▸शेष पेज 9 पर

### 50 में से 3 दुकानें खुली पाई गईं

बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ का पाथवे घेरकर बनाई गई चौपाटी की 50 में से 3 दुकानें निरीक्षण के दौरान खुली पाई गईं। इनमें से एक दुकान पर बकायदा बोर्ड भी लगा हुआ है। आसपास के लोगों का कहना है कि पिछले 3 से 4 दिनों बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर से चांदनी चौक की ओर जाने वाली सड़क जोन पहले रात्रि 8 बजे बंद कर दी जाती थी, अब देर रात तक खुली रहने लगी है। इस सड़क के ठीक पीछे वाले हिस्से में जगन्नाथ राव दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और डिग्री गर्ल्स कॉलेज है। छात्राओं की सुरक्षा और निजता प्रभावित होने को लेकर स्थानीय रहवासी इस चौपाटी का विरोध कर रहे हैं।

### विरोध के बावजूद...

विदित हो कि चौपाटी निर्माण के दौरान स्थानीय रहवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और दानी स्कूल की छात्राओं ने इसका जोरदार विरोध कर मानव श्रृंखला बनाई थी। जनता की विरोध के बाद चौपाटी निर्माण का कार्य कुछ समय बंद रहा। अब गुपचुप तरीके से 29 अगस्त से चौपाटी की 3 दुकानें खुलने की शिकायत सामने आई।

# वाहन जांच में फंसा फर्जी आईबी अधिकारी कार्रवाई से बचने दिखा रहा था धौंस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- आमानाका थाना क्षेत्र में देर रात वाहनों की जांच कर रही पुलिस ने पकड़ा



आमानाका पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात एक फर्जी आईबी अधिकारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आईडी कार्ड जब्त किया है। वाहन जांच के दौरान युवक कार्रवाई से बचने अपने आपको आईबी अधिकारी बताकर आई कार्ड दिखाकर धौंस जमाने का प्रयास कर रहा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो उसका फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश ▸▸शेष पेज 9 पर

### बहन से मिलने आया था

पुलिस के मुताबिक, वह टैगोर नगर में अपनी बहन से मिलने आया हुआ था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि विशाल ने फर्जी आईबी अधिकारी बनकर किसी अपराध को अंजाम तो नहीं दिया है।

# चाकू की नोक पर सीआईएसएफ जवान से लूट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- ड्यूटी पर जा रहे जवान से बदमाशों ने की थी लूट

ड्यूटी पर जा रहे सीआईएसएफ जवान से लूट के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ जवान शुक्रवार तड़के 4 बजे ड्यूटी पर जा रहे थे, तब बदमाशों ने चाकू की नोक पर जवान को रोका और उसकी एक्टिवा लूटकर फरार हो गए थे। घटना माना थाना क्षेत्र में वीआईपी रेस्टोरेंट के पास की है।

सीआईएसएफ जवान जी. शांता की शिकायत पर पुलिस ने यू. गोविन्द, गुलशन कुमार मन्नाड़े, विशाल तांडी को गिरफ्तार किया है। तीनों माना के रहने वाले हैं। सीआईएसएफ जवान ने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार तीन लड़के अपने मुंह पर स्कार्फ बांधे उसके पास पहुंचे। बदमाश अपनी बाइक अड़ाकर जवान को रोक लिए। रोकने के बाद बदमाश चाकू निकालकर जवान को धमकाते हुए उससे पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने ▸▸शेष पेज 9 पर

तय समय में नहीं भेजे गए छात्रों के नाम तो परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे विद्यार्थी

# दसवीं के पर्चे दो बार, पहली परीक्षा की छात्र सूची 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर विशेष गाइडलाइन जारी किए हैं। ये सभी स्कूल के लिए है। दरअसल इस साल से 10वीं की साल में दो बार बोर्ड की परीक्षा होगी। ऐसे में बोर्ड एग्जाम को लेकर सीबीएसई ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में सीबीएसई ने सभी स्कूलों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें बोर्ड ने स्कूलों को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की एलओसी यानी लिस्ट ऑफ कैंडिडेट सब्मिट करने का शेड्यूल जारी किया है।सीबीएसई ने कहा है कि साल 2026 कुल तीन बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होने जा रही हैं। 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा आयोजित होनी है और 12वीं बोर्ड की एक मुख्य परीक्षा।

ऐसे में फिलहाल सीबीएसई ने 10वीं की मुख्य यानी अनिवार्य परीक्षा के लिए ही छात्रों की लिस्ट अपलोड करने की बात कही है। दूसरी लिस्ट पहली परीक्षा होने के बाद अपलोड की जाएगी। सीबीएसई पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि जिन छात्रों के नामऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाएंगे, उन्हें बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होने का अवसर नहीं मिल पाएगा। ऐसे में ध्यानपूर्वक लिस्ट अपलोड करने कहा गया है।

### नहीं होगी तिथि में वृद्धि

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 30 सितंबर तक साल 2026 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट भेजने के लिए कहा है। साथ ही बोर्ड ने चेतावनी भी दी है कि एलओसी सब्मिशन में देरी या गलत जानकारी देने पर छात्रों को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। डिजिटल पेमेंट के जरिए ही फीस जमा की जा सकेगी। लेट फीस के साथ 3 से 11 अक्टूबर तक फीस जमा की जा सकती है। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि समय सीमा के बाद एक्सटेंशन नहीं मिलेगा। गौरतलब है कि सीबीएसई ने अपार आईडी अटैच करना भी इस सत्र से अनिवार्य कर दिया है।





## चकल्लस

### अधूरा सम्मान...

छत्तीसगढ़ का एक प्रसिद्ध सांस्कृतिक समारोह कई मामलों को लेकर चर्चा में है। एक कलाकार के सम्मान और पारिश्रमिक राशि में कटौती का मामला सामने आया है। एक स्थानीय छत्तीसगढ़िया कलाकार को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर सम्मान राशि बतौर पारिश्रमिक देने का वादा आयोजकों ने किया था, लेकिन कार्यक्रम होने के बाद उन्हें एक फरमान भेजकर सम्मान राशि आधी करने की सूचना दी गई। आयोजकों ने बताया कि उनके पास धन की कमी है। इस घटनाक्रम से कलाकार को आत्मग्लानि महसूस हो रही है। आयोजक भले ही सम्मान नहीं करते, पारिश्रमिक तो पूरा दे देते, यही बड़ा सम्मान होता, लेकिन ये मामला अधूरे सम्मान का है।

### ये सजा है या मजा !

हमारे यहां कई पुराने कानूनों में अपराधों के लिए छोटी-बड़ी सजा का प्रावधान था, लेकिन अब सरकार ने कैद की सजा के बदले आर्थिक



जुर्माने का प्रावधान कर दिया है। इस बदलाव से कुछ लोगों की तो मौज हो जाने की संभावना है। दरअसल कानून में बदलाव की प्रक्रिया में एक बिंदु शामिल है, अवैध रूप से व्याभिचार गृह का संचालन करने पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इस सामाजिक बुराई और घोर कलयुगी अपराध के लिए अगर कोई अपराधी पांच हजार देकर छूट जाए तो ये सजा है या मजा...?

### किस्मत हो तो ऐसी

लोक शिक्षण संचालनालय में एक साहब इन दिनों तहलका मचाए हुए हैं। प्रदेश के वर्तमान मुखिया के पहले वाले से भी पहले वाले मुखिया से इनकी दूर की सेटिंग है। कई शिकायतें मिलने के बाद भी इन्हें महत्वपूर्ण दायित्यों से हटाया नहीं जा रहा है। बीते माह दबावों के बाद इनका तबादला भी किया गया था, लेकिन कुछ ही दिन में चमत्कार हुआ और संशोधित आदेश जारी हो गया। साहब अब फिर से पॉवर में हैं और स्कूल शिक्षा विभाग वाले अपना माथ पकड़कर बैठे हुए हैं। वैसे... इस तरह के चमत्कार हर किसी के जीवन में होने चाहिए।

### निपटाएं तो निपटाएं किसे...

लंबे समय बाद बाहरी से मुक्ति मिल गई। तकनीकी विवि के नए सरदार छत्तीसगढ़िया ही हैं। लंबे समय से मुखिया का इंतजार कर रहे तकनीकी



विवि के कर्मचारियों और अधिकारियों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन अब मुसीबत नए रूप में आ गई है। क्या है कि कुछ समय से कोई था नहीं, तो यहां पर्याप्त मात्रा में रायता फैल गया है। अब इसे समेटने एक-दो लोगों को निपटाना पड़ेगा। किसी निपटाया जाए, इस पर ठन गई है। सब अपनी-अपनी सेटिंग कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि करोड़ों रूपए इधर-उधर हुए हैं। अब इनकी वसूली कहां से, किस तरह होगी... बस ये ही देखना है। बड़ी कार्रवाई होते तक, मजे लेते रहिए बस।

### लड्डू कोई और खाया

शराब घोटाले में संलिप्तता को लेकर आबकारी विभाग के अफसरों को नोटिस के बाद कोर्ट से राहत मिल गई है। वे बच गए। यूं कहा जा सकता है कि चालान पेश होने के समय कोर्ट न जाकर खुद का भला कर लिए। अब बहाली के लिए विभाग में दम लगा सकते हैं। सरकार के पास बहाना भी है, अधिकारियों की कमी है। नया विभाग पाए मंत्री का सेवा-सत्कार हो जाएगा। सौजन्य से सभी सुखी रहते है। एक पंथ दो काज। कोर्ट के आदेश ने ये तो संदेश जरूर दिया है कि अधिकारियों पर राजनीतिज्ञों का अनुचित दबाव जरूर था। भले कमाए हैं, लेकिन प्रसाद में लड्डू कोई खाया है तो चूरा इनको मिला है।

### कौन किसे निपटा रहा...

कांग्रेस का नेतृत्व फिर से भूपेश को सौंपने की मांग कर वरिष्ठ नेता ने अपनी वफादारी दिखाई या मामला किसी को निपटाने का है? इस



सवाल पर कांग्रेसी उलझ गए हैं। उनका मानना है कि पूर्व की सरकार ने पूरी निष्ठा से काम किया। स्थानीय लोगों पर फोकस कर यहां की राजनीति को नया रंग दिया। राज्य बनने के दो दशक बाद छत्तीसगढ़ की हर विधा को पिरोने का काम किया। अब इसे मजबूरी में नई सरकार को भी निभाना पड़ रहा है, लेकिन कांग्रेस नेता के बयान के बाद पार्टी में फिर से अंर्तकलह की बू आने लगी है। कांग्रेसी मानकर चल रहे हैं कि सरकार को घेरने में सड़क की लड़ाई से ज्यादा रणनीति बनाने की जरूरत है, लेकिन यह हो नहीं पा रहा है।

### पुलिसकर्मी कहां जाए

आमजनों को पुलिस से काफी उम्मीदें रहती हैं। उम्मीद टूटने पर लोग मन मसोसकर रह जाते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें एक कांस्टेबल के बेटे की साइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने चोर के साथ साइकिल रिकवर कर ली। कांस्टेबल को लगा कि चोर के पकड़े जाने पर उसे जल्द ही उसके बेटे की साइकिल मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिसकर्मी अपने बेटे की साइकिल पाने थाने तथा पुलिस अफसरों के यहां एक महीने से ज्यादा समय से चक्कर काटने को मजबूर है।

### वर्कलोड से जनहानि

चिकित्सा शिक्षा विभाग में उच्चस्तर पर कुछ अंतराल में होने वाला तबादलों का असर कर्मचारियों के मन-मस्तिष्क पर विपरीत असर डाल



रहा है। चार्ज लेने वाले नए अफसरों को विभाग का पाठ पढ़ाने, मैदानी अमले को पूरी फाइल खंगालनी पड़ती है। जारी आदेश पर पलक झपकते ही जानकारी नहीं देने पर कोपभाजन की भी शिकार होना पड़ता है। पिछले दिनों विभाग में हुई बड़ी जनहानि को अत्याधिक वर्कलोड से जोड़कर देखा जा रहा है। कभी भी और कहीं से भी जानकारी उपलब्ध कराने का सिस्टम नाराजगी का कारण बनता जा रहा है। तर्क दिया जा रहा है कि कर्मचारी कोई जादूगर नहीं, जो छड़ी घुमाकर जानकारी साहब की टेबल तक पहुंचा दे।

### आयुष्मान वालों का त्योहारी सीजन

टीपीए का टेंडर निरस्त होने के बाद जिलास्तर पर आयुष्मान का काम देखने वालों के लिए त्योहारी सीजन आ गया है। सीएमएचओ कार्यालय में बैठने वाले कर्मचारी जिले के मध्यम और छोटे अस्पतालों में सक्रियता दिखाने लगे हैं। क्लेम पास करने के नाम पर अस्पताल वालों की शीशे में उतारा जा रहा है और उनसे महीना भी फिक्स किया जा रहा है। नॉन मेडिकल ऑडिटरों की सक्रियता की शिकायत अस्पतालों से होकर सीएमएचओ कार्यालय तक पहुंचने लगी है, मगर अगले दो महीने तक इस पर विराम लगने की संभावना नहीं है।

### लगेगा एक और करंट...

पॉवर कंपनियों के दफ्तर नवा रायपुर में शिफ्ट करने के लिए 217 करोड़ का भवन बनाया जा रहा है। खबरी बता रहा था, बिजली नियामक आयोग ने पॉवर कंपनी के घाटे को देखते हुए कंपनी को नवा रायपुर में भवन बनाने की अनुमति नहीं दी है, इसके पीछे का कारण यह है कि भवन बनाने पर जो खर्च होना है, वह उपभोक्ताओं से ही बिजली की कीमत बढ़ाकर वसूला जाएगा। इसलिए आयोग ने इसकी अनुमति नहीं दी, लेकिन इसके बाद भी भवन बनाने का काम किया जा रहा है। अब यह तो तय है कि इस पर होने वाले खर्च की वसूली का करंट भी आने वाले समय में बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा।

### चौपाटी का हल्ला ...

शहर में आजकल चौपाटी का हल्ला है। जिसे देखो वही गरिया रहा है। ज्ञान बांटने वाले भी गली-मोहल्ले में थोक में विचर रहे हैं। बात चली तो एक ने कहा, अपनी पश्चिम वाली चौपाटी चौपट हो रही है, गरीब-गुरबे कहां जाएंगे। किसी तरह जमापूंजी के पैसे निकालकर कारोबार में लगाए। अब कमाने के दिन आए तो मुंह से कौर छीनकर कह रहे, एजुकेशन हब है। पहले ये नहीं सूझा। दूसरे ने दुखड़ा सुनाया, यहां तो कोई अपना नहीं है, जो आज इतना हल्ला मचा रहे, उसी ने कुर्सी पर रहते अपने जमूरे को चौपाटी का ठेका दिया, सेटिंग ऐसी कि कुर्सी चली गई, ठेका नहीं गया। बस दिल बहलाने के लिए हल्ला मचाते हैं, होना जाना कुछ नहीं।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

# वन्यजीवों को बेहोश करने वाली दवाएं एक्सपायर, अब जरूरत पड़ी तो उधार लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन्यजीवों को रेस्क्यू करने उन्हें ट्रैंक्यूलाइज करने के लिए जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा 2022 में दक्षिण अफ्रीका से मंगाई गई दवाएं अब पूरी तरह से एक्सपायर हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक, जंगल सफारी के पास हाथी को बेहोश करने सीमित मात्रा में दवा उपलब्ध है। इसके अलावा हाथी को कंट्रोल करने का कोई उपाय नहीं है। जरूरत पड़ने पर किसी दूसरे राज्य के वन विभाग से ट्रैंक्यूलाइज करने की दवा उधार में लेनी होगी। पिछले वर्ष बायसन रेस्क्यू करने के लिए एक्सपायरी दवा के इस्तेमाल से बार नवापारा में एक मादा बायसन की मौत तक हो चुकी है। वन विभाग के दस्तावेजों के अनुसार, 1 दिसंबर 2022 को नंदन वन जू एंड सफारी के नाम से दक्षिण अफ्रीका की दवा कंपनी ने वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने की दवा कैप्टिवान-98, एंटी डोज एक्टिवान तथा ट्रेक्सोनिल कॉम्बो पैक की 17 यूनिट मंगाई गई थी। इन दवाओं में से कैप्टिवान पिछले महीने एक्सपायरी हो चुकी है। ट्रेक्सोनिल पिछले वर्ष अगस्त 2024 में तथा एक्टिवान मार्च 2024 में एक्सपायरी हुई है। दवाओं के एक्सपायरी होने तथा नई दवाओं के आर्डर के संबंध में जिम्मेदारों से संपर्क करने पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। हाथी सहित अन्य प्रजाति के वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलााइज करने जाइलाजिन नामक मेडिसिन होने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

**वर्तमान में वन विभाग के जायलाजिन की मात्रा सीमित**

## एक्सपायरी दवा के इस्तेमाल से मादा बायसन की हो चुकी है मौत

### मशक्कत के बाद आती हैं दवाएं

वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने की दवाओं को आयात करना आसान नहीं है। इन दवाओं को इंपोर्ट करने सेंट्रल नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के साथ कस्टम तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों से अनुमति लेनी होती है। प्रक्रिया पूरी करने में एक साल तक का समय लग सकता है। वन विभाग के अफसर दवाओं की लगातार मॉनिटरिंग करते रहते हैं। दवाओं के एक्सपायरी होने के एक साल पहले से नया स्टॉक मंगाने की तैयारी की जाती है।

### अब तक नहीं किया गया नष्टीकरण

एक्सपायरी दवाओं का नारकोटिक्स अफसरों की निगरानी में नष्टीकरण किया जाता है। सफारी के स्टॉक रूम में रखी एक्सपायरी दवाओं का अब तक नष्टीकरण नहीं किया गया है। इसकी वजह जिस दवा से बायसन की मौत हुई थी, उसकी जांच कंप्लीट नहीं होने की बात कही जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक्साइज विभाग की एक टीम पूर्व में शिकायत की जांच करने जंगल सफारी का विजिट कर चुकी है।

### दवाएं गायब होने की बात सामने आ रही

वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने दक्षिण अफ्रीका से जिन दवाओं को इंपोर्ट किया गया था। उनमें से कुछ दवाओं के मिसिंग होने की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, मिसिंग दवाओं की विभागीय स्तर पर जांच की जा रही है। इसी वजह से एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम जंगल सफारी में स्टॉक की जांच करने पहुंची थी। मिसिंग दवाओं को लेकर विभागीय स्तर पर क्या कार्रवाई की गई, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बोले- 2028 में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की दिशा में अभी से काम करना है

# शिवप्रकाश की दो टूक- कितने भी बड़े पद पर हों संगठन को मजबूत करने के लिए ही काम करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, निगम, मंडल, आयोग, मोर्चा, प्रकोष्ठ और जिलाध्यक्षों की कार्यशाला में दो टूक कहा, आप कितने भी बड़े पद पर हों, आपको बनाने वाला संगठन ही है। इसलिए आपका सबसे पहला काम संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए ही काम करें। नए पदाधिकारियों को पूरी लगन तथा मेहनत के साथ काम करके संगठन को और मजबूत करना है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने भी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की दिशा में अभी से काम करना है।

प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल से लेकर प्रदेश स्तर बड़े बदलाव के बाद पहली बार भाजपा की बड़ी बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई। इस बैठक में वैसे तो मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया था, लेकिन बाद में राष्ट्रीय नेताओं के निर्देश पर मंडल अध्यक्षों को नहीं बुलाया गया। यह तय किया गया कि जिलाध्यक्षों को कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा तो वे अपने-अपने जिलों में जाकर मंडलों में कार्यशाला कर उनको जानकारी देंगे।





### विपक्ष झूठ फैलाने वाली एजेंसी : नितिन नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी व बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने कार्यशाला में मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी सेल की भूमिका और विमर्श निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमको जो जिम्मेदारी मिली है, उसे नई टीम के साथ पूरी ताकत से करना है और इन मंचों से पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करना है। हमारा यह दायित्व है कि सरकार और पार्टी की दैनिक गतिविधियों को जनता तक हम नियमित रूप से पहुंचाकर सरकार और पार्टी के बारे में जनता में सकारात्मक धारणा को बढ़ाते हुए विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातों का तथ्यात्मक खंडन करें। श्री नवीन ने कहा, विपक्ष झूठ फैलाने वाली एक एजेंसी मात्र है।

### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रदेशभर में भाजपा की ऊर्जावान टीम है और सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता आपस में मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, पंच परिवर्तन भारतीय समाज को अगले कुछ वर्षों में दिशा देने वाले हैं। सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता एवं नागरिक कर्तव्य इन पंच परिवर्तनों को जीवन में उतारकर कार्य करना है।

### अगले चुनाव के लिए अभी से जुटें : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लोकप्रिय मुख्यमंत्री होने पर सभी ने बधाई दी तो उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरे अकेले के कारण संभव नहीं हुआ है। आप सबके प्रयास से हम सरकार चलाने में सफल हो रहे हैं। आज भाजपा की सरकार को जनता पसंद कर रही है तो उसके पीछे आप सबकी मेहनत है। जिस तरह से पिछले चुनाव में सभी के प्रयासों से भाजपा की सरकार बनी, एक बार फिर से सभी को प्रयास करके अगली बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करना है। हमने हजार दिनों का रोडमैप तैयार कर लिया है। आप सबको इसके लिए अभी से जुटना होगा।

### श्रेष्ठ राज्य है छत्तीसगढ़: अरुण सिंह

संगठनात्मक कार्यक्रमों और लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड सदस्य बनाने के लिए बधाई देते हुए प्रदेशभर से पहुंचे नए पार्टी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भाजपा सालभर काम करने वाली पार्टी है। आप सबको संगठन को और मजबूत करने का काम करना है।

### संगठन को समझें और काम करें

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा, आप सबको संगठन को समझना होगा। संगठन ने आपको बनाया है। आप आज जितने भी बड़े पद हैं, वह संगठन की देन है। संगठन को मजबूत करना सबकी जिम्मेदारी है। आज चाहे जो नए पदाधिकारी बने हों या फिर आप कितने भी पुराने पदाधिकारी या किसी भी पद पर हों। संगठन ही आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें अपने लक्ष्यों को तय करके आगामी तीन वर्षों के लिए एक सशक्त कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। जिस दिशा में हमारा कार्यकर्ता जुट चुका है। हमारे कार्यकर्ता हमेशा एक धुरी होते हैं, जो समाज के हर वर्ग को जोड़े रहते हैं।

# नोटिस जलाकर हड़ताली एनएचएम कर्मचारी जताएंगे विरोध, सांसद बघेल ने दिया समर्थन

## नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांग पर दो सप्ताह से हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

काम बंद कर पिछले दो सप्ताह से बैठे एनएचएम के कर्मचारी विभागीय नोटिस से और बौखला गए हैं। काम पर वापस आने अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई के नोटिस को जलाकर हड़ताली अपना विरोध प्रकट करेंगे। उनकी मांग को सांसद विजय बघेल ने समर्थन दिया है और स्वास्थ्य मंत्री से बात कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

एनएचएम के कर्मचारी 18 अगस्त से नियमितीकरण सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। उनके काम बंद करने की वजह से मध्यम और निचले वर्ग के स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहां सामान्य और मौसम बीमारियों का इलाज कराने वाले मरीजों को अब जिला अथवा मेडिकल कालेज के बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

स्वास्थ्य सेक्टर में काम प्रभावित होने की वजह से स्वास्थ्य संचालनालय की ओर इन कर्मचारियों को नोटिस जारी कर काम पर वापस लौटने अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी हड़ताली मांग पूरी होने तक काम पर वापस नहीं लौटने का फैसला कर चुके हैं। उनके द्वारा सोमवार को विभाग की ओर से जारी आदेश की प्रतियां जलाई जाएंगी।

### 20 महीनों में 160 बार आवेदन

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछले 20 महीनों में हमने 160 से अधिक बार आवेदन दिए, इसके बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण आंदोलन की स्थिति बनी है। अड़ियल रवैये के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की है। यदि शासन उतनी ही तत्परता हमारी मांगों को पूर्ण करने में दिखाता, जितनी जल्दी नोटिस थमाने में दिखा रहा है तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।

# ‘मन की बात’ हर माह देती है नई प्रेरणा : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ की 125वीं कड़ी का सीधा प्रसारण नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद उद्योग एवं व्यापार परिसर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ‘मन की बात’ हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। इस दौरान मंत्री दयालदास बघेल, लखन देवांगन, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्रकुमार साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘मन की बात’ कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा, प्राकृतिक आपदाओं की घड़ी में देशवासियों द्वारा एक-दूसरे की सहायता करना भारत की असली ताकत है।



■ मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों और नागरिकों ने किया श्रवण

### राष्ट्रीय चेतना को मिलता है बल : साय

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, ‘मन की बात’ हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री का ‘मन की बात’ रेडियो कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करता है। उन्होंने अपने जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े क्षेत्रों में हुए सहयोग तथा निवेश से राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह बोले

# कांग्रेस और राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन देखने को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा, कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन देखने को मिला है। कांग्रेस पार्टी के नेता अभद्र भाषा का लगातार उपयोग कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री को बार-बार मंचों से गाली देना, वोट चोर के नाम से नारे लगाना, कीड़ा मकोड़ा कहना यह घोर निंदनीय है। बिहार की जनसभा में राहुल गांधी के उकसाने पर मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के बारे में अपशब्द कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की निम्नस्तरीय सोच को बताता है। यह बहुत ही निंदनीय और भर्त्सना के योग्य है।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अरुण सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जिनको दुनिया के 25 देशों ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के मिलने से भारत का मान सम्मान बढ़ा है। 140 करोड़ देशवासियों का मस्तक ऊंचा हुआ है, देश का गौरव बढ़ा है। ऐसे प्रधानमंत्री को कांग्रेस के लोग लगातार गाली देने का काम कर रहे हैं। संसद का सत्र जब चल रहा था तब भी देखा गया कि विपक्षी दल सदन में हंगामा कर रहे थे, बार-बार वोट चोरी का नारे लगाए जा रहे थे। जब कांग्रेस प्रदेश में हुए चुनावों में लोकसभा के चुनाव सहित स्थानीय स्तर के चुनाव में भी साफ हो गई है। कांग्रेस की मति भ्रष्ट हो गई है।



■ प्रधानमंत्री को बार-बार मंचों से गाली देना निंदनीय

### पीएम की लोकप्रियता कांग्रेस को हजम नहीं

अरुण सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है। दुनिया भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व क्षमता ने लोहा माना है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शीर्ष नेताओं में से हैं। श्री सिंह ने कहा, ऐसे प्रधानमंत्री के बारे में कांग्रेस जो अपशब्द कह रही है, बार-बार बोल रही है, उससे देश की जनता को कष्ट हो रहा है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर के कांग्रेस का विरोध कर रहे हैं।

# बैज ने कहा- बस्तर के बाढ़ प्रभावितों के लिए स्पेशल पैकेज की घोषणा करें



**रायपुर।** बस्तर में हाल ही में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। जिले के कई गांवों में जलभराव ने ग्रामीणों की जिंदगी को कठिन बना दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इसमें मांदर, नेगानार, पारापुर और चित्रकोट जैसे गांव शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा, मैंने बस्तर जिले के सबसे बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इन इलाकों में ग्रामीणों के पास अब कुछ भी नहीं बचा है। उनका सबकुछ बाढ़ में बह गया है। ग्रामीणों की पीड़ा सुनकर बहुत दुख हुआ। वे अभी भी इस त्रासदी के बाद सहमे हुए हैं।

HEALTH TOWN
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### आत्मानंद स्कूल में पूर्व छात्रों की बैठक हुई

**कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुँरा में रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित कर एलुमनी बैठक हुई। जिसमें 2021-22 से 2024-25 बैच के विद्यार्थी आए थे और उन्होंने अपने अनुभव को सबसे शेयर किया एवम विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि अभी सभी कॉलेज में है और जॉब की तैयारी कर रहे हैं। अपने पुराने स्कूल में फिर से आने का मौका मिला तो सभी बहुत उत्साहित थे एवम आपने क्लास रूम में बैठ के फिर से स्कूल लाइफ को एन्जॉय किये।

### भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका व कांग्रेस की निंदा की



**कूंरा।** विधानसभा मुख्यालय धरसींवा से है जहाँ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री के माँ के लिए किए अपशब्दो और लगातार देश मे झूठ फैलाने और आमजन को भर्मित करने के विरोध में राहुल गांधी का पुतला कार्यकर्ताओं ने फूंककर विरोध जताया। पुतला दहन का कार्य भाजपा धरसींवा मण्डल रायपुर ग्रामीण द्वारा आज हुवा है और लगातार हम ऐसे कृत्यों का विरोध हमारे द्वारा किया जाएगा ऐसा मण्डल अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा है। इस पूरे कार्यक्रम में नगरपंचायत कूंरा अध्यक्ष गोविंद साहू , पुरुषोत्तम यादव , कौशल साहू , सुधीर दुबे , चुम्मन सिंह चौहान , ललित साहू , जितेंद्र पांडे , यशवंत वर्मा , संतोष साहू , जगमोहन घृतलहरे , मुकेश सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे ।

### ड्राइवर दिवस पर आज बाइक रैली

**कूंरा।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन सिलतरा ब्लाक द्वारा 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे धरसीवां क्रिकेट स्टेडियम में रखा गया है । ब्लॉक अध्यक्ष शंकर यादव ने सुबह 10 बजे बाईक रैली निकाली जाएगी जो प्रदेश कार्यालय मंदिर हसौद से तेलीबांधा , पचपेड़ीनाका , भाटागांव , विधान सभा रोड धनेली , रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर , सिल्तरा होते हुए कार्यक्रम स्थल धरसीवां पहुंचेगी । वहीं इस दौरान नेत्र जांच एवं रक्त दान शिविर का आयोजन भी रखा गया है जो श्रृष्टि ब्लड सेंटर रायपुर के डाक्टरों द्वारा किया जाएगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने ड्राइवर संघ प्रमुख शंकर साहू , दुखुराम साहू , जागेश्वर साहू , पन्ना यादव , जयकरण के द्वारा गाड़ी में ध्वनि यंत्र लगाकर सभी ड्राइवर भाइयों के पास पहुंचकर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील करते हुए सहयोग मांगा है समय पर अपनी हक की लड़ाई लड़ने में मजबूती मिले ।

सशिमं की शिशु वाटिका कार्यशाला हुआ संपन्न, प्रशिक्षण में 73 दीदियां हुईं शामिल

# देश के शैक्षणिक विकास में विद्या भारती का योगदान है उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेवरा-तिल्दा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा मे विभागीय शिशु वाटिका कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राम भरोसा सोनी प्रांतीय अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गोपाल चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष विद्यालय समिति, विशेष अतिथि श्री राम कुमार वर्मा प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख, श्रीमती रानी सौरभ जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 12, सौरभ जैन समाजसेवी , फाउंडर मेंबर दिलीप शर्मा, नरेंद्र जैन उपाध्यक्ष, दिलीप वर्मा कोषाध्यक्ष, प्राचार्य वासुदेव साहू, रायपुर विभाग के प्रशिक्षक श्रीमती उर्मिला कश्यप शिशु वाटिका सह प्रांत प्रमुख, श्रीमती रेखा देवी साहू शिशु वाटिका विभाग प्रमुख, श्रीमती हेमा देवांगन शिशु वाटिका रायपुर




जिला प्रमुख, श्रीमती रमा वैष्णव शिशु वाटिका बलौदा बाजार जिला उपस्थित रहे।

शिशु वाटिका विभाग प्रमुख श्रीमती रेखा साहू ने कार्यक्रम का वृत्त प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में रायपुर विभाग के नगरी विद्यालय से 40 एवं ग्रामीण ग्राम भारती से 29, 4 प्रशिक्षक कुल 73 दीदीयां सम्मिलित हुई है। इसके पश्चात कक्षा दशम के बहनों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्री राम भरोसा सोनी जी ने प्रशिक्षु दीदीयों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के शिशु वाटिका में 12 शैक्षिक आयाम की पूर्ति हो रही है। इस विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं हैं। शिशु वाटिका का बहुत ही अधिक महत्व है। शिशु वाटिका का काम बहुत बड़ा काम है और यह कार्य कठिन कार्य है। उन्होंने आगे कहा कि 1952 में विद्या भारती की ने रखी गई। विद्या भारती पूरे देश में शिक्षा देने का कार्य कर रही है। गोपाल चंद्र अग्रवाल ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि आप राष्ट्र निर्माण की सीढ़ी पर खड़ी है। आपके द्वारा ही राष्ट्र निर्माण हो रहा है। आप बच्चों के आदर योग्य बनने का प्रयास करें। दिलीप शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो हमने इस कार्यशाला में सीखा उसे आगे बढ़ाएं। श्रीमती रानी सौरभ जैन को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सभी प्रशिक्षकों को विद्यालय की ओर से भेंट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में दिलीप शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## शतरंज के लिए कंचन, कावेरी यशु और प्राची का हुआ चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग से राज्य स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 4 विद्यार्थी चयनित हुए। U- 19 बालिका में कावेरी साहू,

कंचन साहू, U-19 बालक में यशु बंजारे, U-17 बालिका में प्राची बेलगहे है। संभाग स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 तेग बहादुर धर्मशाला पिथोरा में आयोजित हुई। शतरंज एक बौद्धिक खेल है जिसमें रणनीति, तर्क, समस्या समाधान करने का विकास होता है। कावेरी साहू 5 में 5 मैच जीत कर संभाग विजेता बन गई। अंडर 14 मे वेदिका लोधी आठवां स्थान, अंडर 17 में श्रीयांश बेलगहे दसवां स्थान पर रहे। इन सभी विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन पर प्रसन्न होकर विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर, प्राचार्य यशोदा योगी, उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, क्रीडा प्रभारी हंसराज जलछत्री, लक्ष्मी नारायण पटेल ने बधाई दी और राज्य में इसी तरह प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## भाजयुमो नेता सूरज टंडन ने किया 35वीं बार रक्तदान

**सिलयारी।** धरसींवा क्षेत्र के युवा समाज सेवी व भाजयुमो नेता सूरज टंडन ने संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर होते हुए आज 35 वी बार रक्तदान किया , उन्होंने बताया कि सालों पहले उनके द्वारा संकल्प लिया गया था कि उनके द्वारा अपने स्वयं के उम्र से अधिक बार रक्तदान किया जाना है , सूरज अभी 33 वर्ष के है और अपने उम्र से अधिक बार रक्तदान करके क्षेत्र में एक मिसाल प्रस्तुत किया है।

उन्होंने युवाओं से सतत रक्तदान करते रहने का अपील किया है , क्योंकि रक्त किसी कम्पनी या मेडिकल उपकरणों से नही तैयार किया जा सकता वह सिर्फ मानव शरीर मे ही बनता है , उनका मानना है कि इससे बड़ा पुण्य कुछ और नही हो सकता कि आपके कारण किसी को पुनः जीवन जीने



का मौका मिले। सूरज टंडन को समाज सेवा के क्षेत्र में प्रदेश स्तरीय डॉ. अम्बेडकर समता रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके नेतृत्व में कोरोना समय 2 नवम्बर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 100 यूनिट से अधिक रक्तदान करवाया था। उनके इस कार्य की सराहना पूरे क्षेत्र में हो रहा है तथा जनप्रतिनिधि व आम जन उनको बधाई दे रहे है।

## जियारानी करेंगी राज्य स्तरीय भारोत्तोलन का प्रतिनिधत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोरा की कक्षा नवमी की छात्रा कुमारी जियारानी पिता शिवनारायण चतुर्वेदी का चयन भारोत्तोलन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जियारानी विद्यालय की पहली छात्रा है जिसका चयन भारोत्तोलन राज्यस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 4 से 7 सितंबर तक दुर्ग जिला के पाटन में होना है।



विद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है इस हेतु विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल वर्मा एवं समस्त स्टाफ ने जिया रानी को उसकी कड़ी मेहनत के लिए और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए बहुत बहुत बधाई दी है। जियारानी का कहना है कि बिना माता पिता के समर्थन एवं कोच अंजलि देवदास के मार्गदर्शन के बिना यह असंभव था और यदि हर खिलाड़ी को माता पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन मिले तो वह अपने क्षेत्र में बेहतर कर सकता है।

## महानदी पुल पर पीपला ने चलाया मिशन क्लीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने रविवार को आरंग स्थित महानदी पुल पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया, जिसे 'मिशन क्लीन' नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत फाउंडेशन के सदस्य करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में दो घंटे तक पुल की सफाई में जुटे रहे और प्लास्टिक सहित अन्य कचरे को हटाकर पुल को स्वच्छ किया।

सभी ने पूरे उत्साह और मेहनत से श्रमदान करते हुए अभियान को सफल बनाया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा कही जाने वाली महानदी पर बने इस सुंदर और विशाल पुल की नियमित सफाई बेहद जरूरी है। पुल पर लोग अक्सर रुक कर नदी का दृश्य निहारते हैं और फोटो या सेल्फी भी लेते हैं, इसलिए इसका स्वच्छ रहना समुदाय के लिए गर्व की बात है। फाउंडेशन द्वारा यह भी मांग की गई कि इस नवनिर्मित पुल का नामकरण जल्द



किया जाए। यदि इस नवनिर्मित पुल का नामकरण नहीं हुआ हो तो सुझाव दिया गया कि आरंग के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व के आधार पर, जैसे कि राजा मोरध्वज की पावन नगरी के विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए, पुल का नामकरण होना चाहिए। इससे नगर की पहचान और गौरव दोनों बढ़ेंगे। इस स्वच्छता अभियान में फाउंडेशन के दूजेराम धीवर, महेंद्र कुमार पटेल, संजय मेश्राम, कोमल लाखोटी, यादेश देवांगन, भागवत जलक्षत्री, प्रतीक टोंड्रे, नीरज साहू और राहुल पटेल कियांश देवांगन जैसे कई सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

## जेल में नुआखाई मिलन समारोह कैदियों ने ग्रहण किया नवान्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कृषि पर्व नुआखाई के अवसर पर केंद्रीय जेल में रविवार को एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल की चारदीवारी के भीतर अपने परिवारों से दूर रह रहे कैदियों को पर्व की खुशियों में शामिल करना और उन्हें एक नए जीवन की शुरुआत के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में जेल में बंद सभी कैदियों के बीच नुआखाई का पारंपरिक प्रसाद वितरित किया गया और उनके साथ मिल-जुलकर सौहार्दपूर्वक यह पर्व मनाया गया। यह आयोजन बीते 19 वर्षों से जेल में किया जा रहा है। इस मौके पर सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने कैदियों से आव्हान किया कि सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे के पावन अवसर पर सभी अपराध से दूर रहने का संकल्प लें और एक अपराध-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कथन अपराध से घृणा करो।

## कृष्ण मित्र फाउंडेशन के पदाधिकारी की बैठक में कई निर्णय लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा स्थित सरजूबांधा मुक्तिधाम में रविवार को कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक हुई। इस दौरान गत दिनों संपन्न हुई सावन उत्सव प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए हरेली उत्सव प्रतियोगिता के अलावा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी थाना सिटी कोतवाली के बंदीगिरी और पोला पर्व पर बैल दौड़, सजावट प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह प्रतियोगिता के समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम में हुए खर्चों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी द्वारा स्वीकृत 5 लाख रुपए की विधायक निधि राशि से कार्य की शुरुआत की रूपरेखा तैयार की गई।

विधायक श्री सोनी ने सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा श्मशानघाट के पास के शेड निर्माण के लिए घोषणा की है। नारायण साहू ने अपने दादा स्व. भुवन साहू की स्मृति में 10 हजार की राशि से दो सीमेंट के बेंच मुक्तिधाम परिसर के उपयोग के लिए दान दिए।

## ड्रग्स के हनी ट्रैप गैंग में कई युवतियां पुलिस को मिले ढेरों मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमडीएमए मामले में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें अपने हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग्स बेचने वाली नव्या मलिक द्वारा ड्रग खपाने लड़कियों के इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह नव्या के मोबाइल में ढेरों युवतियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। इनमें ज्यादातर दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियां शामिल हैं। नव्या के मोबाइल कांटेक्ट सूची में करीब आठ सौ लोगों के मोबाइल नंबर पुलिस को मिले हैं। इनमें से कई नंबर मलेशिया के बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में नव्या पुलिस को सहयोग नहीं कर रही है। नव्या को पुलिस ने पूछताछ करने पांच दिन की रिमांड पर लिया है।

- कांटेक्ट लिस्ट में रायपुर, दुर्ग, भिलाई के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियों के नाम

राजधानी में कोरोना संक्रमण के समय से ड्रग्स का कारोबार तेजी से फैला है।


युवा कारोबारी रसूखदार वर्ग के लोगों को हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग लेने करती थी मजबूर

ड्रग में भी हनी ट्रैप, इंटीरियर डिजाइनर मुंबई से गिरफ्तार

इंटीरियर डिजाइनर का मुंबई से लेकर दिल्ली तक कनेक्शन

मुंबई, दिल्ली के बाद रायपुर तक फैला जाल

रिच लाइफ स्टाइल से फंसाती थी

### बैंक अकाउंट की जांच

पुलिस को नव्या के रायपुर के साथ दिल्ली तथा मुंबई में बैंक अकाउंट होने की जानकारी मिली है। पुलिस उन बैंक अकाउंट्स के बारे में जानकारी जुटाकर जांच करने की बात कह रही है। नव्या तथा उससे जुड़े रैकेट के लोगों द्वारा ज्यादातर यूजर्स को कैश में ड्रग बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। ड्रग रैकेट

### संदिग्ध नंबरों की जांच

पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में जो नंबर मिले हैं, उसमें उसके परिवार से जुड़े लोग, इंटीरियर डिजायनर फील्ड से जुड़े लोगों के अलावा रिश्तेदारों सहित अन्य कई लोगों के नंबर मिले हैं। पुलिस नव्या के मोबाइल से मिले संदिग्ध नंबरों को अलग कर उसकी पड़ताल कर रही है। संदिग्धों की सूची तैयार कर पुलिस उन्हें पूछताछ करने जल्द ही तलब करने की बात कह रही है।

# गेंहू-चना बीज को ज्यादा रेट पर बेचा, अब होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तिल्दा क्षेत्र में रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2025-26 में बीज ग्राम योजना के तहत खेती-किसानी के लिए किसानों को गेंहू, चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया गया। शासन ने दोनों बीज एवं जिंग सल्फेट प्रति किलो, प्रति बोरी की दर से दाम निर्धारित किया था। किसानों को इसी निर्धारित कीमत पर इसका वितरण होना था, लेकिन इसमें अनियमितता कर अफसरों ने किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर गेंहू-चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया। इसका खुलासा इस मामले की प्रारंभिक जांच में हुआ है। इस क्षेत्र के सभी फील्ड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने बयान में बताया है कि क्षेत्र के कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास एवं विस्तार अधिकारी ने बैठक लेकर इस संबंध में उन्हें निर्देश दिए थे, जिसका सभी ने मात्र पालन किया है। इधर प्रारंभिक जांच के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी ने आदेश जारी कर किसानों को उनकी अंतर की राशि लौटाने के लिए कहा है। अधिकारी का बयान है कि ट्रांसपोर्टिंग का पैसा जोड़कर रेट लिया गया है।

- प्रति बोरी के पीछे गेंहू बीज में 268 रुपए एवं चना बीज में 290 रुपए ज्यादा लिए गए

### जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मामला

राजधानी रायपुर में 16 जून 2025 को हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने इस मामले में विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी थी कि उनके पास किसानों की शिकायत आई है कि रबी और खरीफ सीजन में गेंहू, चना बीज एवं जिंग सल्फेट को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उन्हें वितरण किया है। इसके बाद केएन रस्तोगी अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग रायपुर को इस मामले की जांच के लिए आदेशित किया गया था।



### विभागीय जांच जारी

इस मामले में विभागीय जांच अभी जारी है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। जांच रिपोर्ट सप्ताहभर में मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेंगे। - *सतीश अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी*

### किसानों से वसूले ज्यादा दाम

जांच कर रहे अधिकारी ने इस मामले में फील्ड में पदस्थ सभी कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान लिए हैं। इस बयान में सभी विस्तार अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा गेंहू बोरी (40 किलो) 1108 रुपए, चना बोरी (30 किलो) 1460 रुपए तथा जिंक सल्फेट (प्रति किलो) 50 रुपए की दर से वितरित किए गए हैं।

### भाड़ा भी लगता है इसलिए...

जांच के दौरान क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने स्वीकार किया है कि रबी सीजन 2024-25 में जिंक सल्फेट प्रति किलो 50 रुपए एवं खरीफ सीजन 2025 में 42 रुपए प्रति किलो से जिंक सल्फेट वितरित किया है। उन्होंने अपने बचाव में यह भी कहा कि गाड़ी भाड़ा लगता है। यह राशि कौन देगा, इसलिए अधिक मूल्य पर वितरण के निर्देश दिए थे।

## पेज 07 के शेष ...

### स्टेशनों पर ट्रेन...

**बैहाटोला**
- 11752 चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस
- 11751 रीवा–चिरमिरी एक्सप्रेस

**उमरिया**
- 18204 कानपुर–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18203 दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस

**अमलाई**
- 8756 अंबिकापुर–शहडोल एक्सप्रेस
- 18755 शहडोल–अम्बिकापुर एक्सप्रेस

**बीरसिंहपुर**
- 18204 कानपुर–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18203 दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस

**चंदिया रोड**
- 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस
- 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस

**बेलगहना**
- 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस
- 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18478 योगनगरी ऋषिकेश–पुरी एक्सप्रेस
- 18477 पुरी–योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस

**खोंगसरा**
- 18236 बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस
- 18235 भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 18258 चिरमिरी–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 18257 बिलासपुर–चिरमिरी एक्सप्रेस

**गतौरा**
- 18114 बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस
- 18113 टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस

**किरोड़ीमल नगर**
- 18110 इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस
- 18109 टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस

**करंजी**
- 18756 अंबिकापुर–शहडोल एक्सप्रेस
- 18755 शहडोल–अम्बिकापुर एक्सप्रेस

**पाराडोल**
- 11752 चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस
- 11751 रीवा–चिरमिरी एक्सप्रेस

**देवबलौदा, चरोदा**
- 18030 शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस
- 18029 एलटीटी–शालीमार एक्सप्रेस

### सबसे ज्यादा फायदे में...

साहू और विधायक अटल श्रीवास्तव के क्षेत्र में है। बिल्हा में चार ट्रेनें सारनाथ एक्सप्रेस, शालीमार-एलटीटी, शिवनाथ एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस रुकेगी। इसी तरह बेलगहना रेलवे स्टेशन में बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, सारनाथ व कलिंग उत्कल का ठहराव दिया गया है। इनमें से एक ट्रेन 31 अगस्त से, कुछ ट्रेनें 1 सितंबर तो कुछ 2 सितंबर से निर्धारित स्टेशनों में रुकेंगी।

### बूढ़ातालाब चौपाटी की...

दौरान उन्होंने वहां की दुकानों के सामने भारी गंदगी पाई। पार्किंग की कोई व्यवस्था भी स्थल पर नहीं थी। इसे देखते हुए महापौर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्हें तत्काल सील करने निर्देश दिए और खुद अपने सामने दुकानों को सील कराया। महापौर ने वहीं से अपील की कि शहर में दुकानों का चयन केवल उन्हीं स्थलों पर करें, जो नगर निगम से स्वीकृत और नियम के अनुरूप हों। इस बात ध्यान रहे कि जहां दुकानें ले रहे हैं, वहां पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि रायपुर शहर के किसी भी स्थान पर मकान अथवा दुकान खरीदने से पहले संबंधित स्थल का लैंडयूज, स्वीकृति और वैधता की जानकारी अवश्य लें, ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार की सख्त कार्यवाही का सामना न करना पड़े। महापौर मीनल चौबे ने एमआईसी सदस्यों और जोन-4 अध्यक्ष के साथ स्वामी विवेकानंद सरोवर के नए बायपास मार्ग से सटी बूढ़ातालाब चौपाटी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, महेंद्र खोडियार, अवतार बागल, अमर गिदवानी, संतोष साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, सरिता दुबे, सीमा हियाल, सुमन पांडेय, गायत्री चंद्राकर, जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, पार्षद अजय साहू, जोन-4 कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, उप अभियंता योगेंद्र साहू, हिमांशु चंद्राकर उपस्थित रहे।

### वाहन जांच में फंसा...

भोपाल निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, चंदनीडीह के पास गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान विशाल की एक्टिवा में पुलिस का स्टीकर लगा दिखा। इस पर पुलिस ने विशाल को रोककर पूछताछ की और तेज गति से गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही थी। इस बीच विशाल ने कार्रवाई से बचने पुलिस को अपने आपको आईबी अधिकारी बताते हुए धौंस जमाने की कोशिश की। विशाल से पुलिस ने आईबी अफसर होने का प्रमाण मांगा तो उसने पुलिस को जेब से निकालकर आई कार्ड दिखाया। कार्ड में केंद्रीय गृह मंत्रालय का लोगो लगा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो वह फर्जी पाया गया।

### चाकू की नोक पर...

पर बदमाश सीआईएसएफ जवान को जमीन पर गिराकर उसकी एक्टिवा लूटकर मौके से फरार हो गए।

# व्यापम ने पूछी फरा की रेसिपी! 'पर्रा भर लाई, गने न सिराई' का अर्थ, 'गोबर दे बछरू गोबर दे, चारों खूंट ल लीपन दे' का संबंध

## 19 पदों के लिए मिले थे 14 हजार आवेदन, 55 प्रतिशत रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यापम ने रविवार को हुई भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों से फरा बनाने की रेसिपी ही पूछ डाली। पकवान बनाने के शौकीन अभ्यर्थियों ने तो इसका उत्तर दिया, लेकिन अन्य सिर पकड़कर बैठ गए। व्यापम द्वारा रविवार को मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के अंतर्गत रिक्त 19 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इन 19 पदों में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, आग्जिलरी इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य एवं हेल्पर के पद शामिल हैं। इनके लिए लगभग 14000 आवेदन व्यापम को प्राप्त हुए थे, लेकिन परीक्षा में इनमें से मात्र 45 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए। रायपुर के अलावा बिलासपुर और दुर्ग जिले में ही केंद्र बनाए गए थे।

- ड्रेस कोड को लेकर सतर्क रहे अभ्यर्थी, नहीं हुआ एक भी विवाद



### छग से जुड़े इस तरह के सवाल

- छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा बनाने की विधि क्रमवार बताइए।
- छत्तीसगढ़ी जनउला पर्रा भर लाई गने न सिराई का क्या अर्थ है?
- 'गोबर दे बछरू गोबर दे, चारों खूंट ल लीपन दे' का संबंध किस खेल से है?
- अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार छत्तीसगढ़ी त्योहारों को मनाने का क्रम बताइए।
- छग का पहला एआई डेटा सेंटर कहां प्रस्तावित है?
- छग का राजकीय वृक्ष कौन सा है?
- देवरानी-जेठानी का मंदिर कहां स्थित है?
- बस्तर का स्वाभिमान किसे कहा जाता है?
- कौन सा खनिज देशभर में केवल छग में पाया जाता है?
- महानदी की सहायक नदियों को उनके उद्गम स्थल से ओडिसा तक मिलने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
- छग के शिक्षा विभाग में वर्तमान में लागू दो योजनाएं।

भर्ती परीक्षाओं के लिए लागू व्यापम के नए ड्रेस कोड के बाद यह पहली परीक्षा रही जिसमें किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। हल्के रंगों की परिभाषा स्पष्ट नहीं होने के कारण लगभग आधे अभ्यर्थी सफेद कपड़े पहनकर ही परीक्षा केंद्र पहुंचे हुए थे। परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे। पिछली परीक्षाओं में निर्मित हुई विवाद की स्थिति को देखते हुए इस बार अभ्यर्थियों ने तय समय पर हाजिरी दी।

### गणित और व्याकरण के सवाल कठिन

अभ्यर्थियों से छत्तीसगढ़ से जुड़े सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ ही हिंदी व्याकरण और गणित सहित कई खंडों में सवाल पूछे गए। अभ्यर्थियों से 100 सवाल पूछे गए, जिन्हें हल करने दो घंटे का समय दिया गया था। हिंदी व्याकरण के सवाल जटिल रहे। इनमें तत्सम-तत्भव तथा समानार्थी शब्दों के सवाल कठिन रहे। हिंदी वर्णों को उच्चारण के आधार पर व्यवस्थित करने जैसे प्रश्न भी पूछे गए। इसके अलावा गणित के कुछ सवालों ने भी अत्यधिक समय लिया।

## खबर संक्षेप



### जम्मू-कश्मीर में डॉ. सहाय को बुद्धा पुरस्कार

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के उपराज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं समाजसेवी प्रो डॉ. अजय सहाय को अतिविशिष्ट समाज सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कबिनेट मंत्री रामदास आठवले विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। ज्ञात हो कि डॉ. अजय सहाय विगत चार दशकों से समाज के कमजोर तबकों, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े ट्राइबल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। देश में डायबिटीज रोग के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर डॉ. सहाय द्वारा कभी भी, कहीं भी डायबिटीज डिटेक्शन कैंप्स का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में आगंतुकों के खून में रक्त शर्करा की जांच की जाती है और मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया जाता है।

### आरआईएसटीए के अध्यक्ष बने योगेश



**रायपुर।** रायपुर आयरन एंड स्टील ट्रेडर्स एसोसिएशन (आरआईएसटीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के आगामी नेतृत्व का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से योगेश बेरीवाल को निर्विरोध आरआईएसटीए का अध्यक्ष (वर्ष 2025-27) नियुक्त किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए इस जिम्मेदारी के लिए उन पर भरोसा जताया। इसी क्रम में लोहा बाज़ार के अध्यक्ष पद के लिए नरेश केडिया का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा तथा संगठन को और अधिक सशक्त दिशा मिलेगी।

# पर्व-त्योहारों में यात्रियों को मिलेगी राहत, पुरी-उधना के बीच चलेगी पूजा स्पेशल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारों के मौसम में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पुरी-उधना-पुरी के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह साप्ताहिक ट्रेन 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी। 08471 पुरी-उधना पूजा स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार को 22 सितंबर से 24 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6.30 बजे पुरी से रवाना होकर खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, ढेंकनाल, अंगुल, संबलपुर, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, अकोला, भुसावल, जलगांव, अमलनेर, नंदुरबार, व्यारा और चलथान होते हुए दूसरे दिन दोपहर 2 बजे उधना पहुंचेगी। वहीं 08472 उधना-पुरी पूजा स्पेशल उधना से प्रत्येक मंगलवार को 23 सितंबर से 25 नवंबर तक चलाई जाएगी। यह शाम 5 बजे रवाना होकर चलथान, व्यारा, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, अकोला, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, संबलपुर, भुवनेश्वर और खुर्दा रोड होते हुए दूसरे दिन रात 10.45 बजे पुरी पहुंचेगी।

## 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर से जुटे स्कूल सफाई कर्मचारी

# स्कूल सफाईकर्मियों की पुलिस से झूमाझटकी रोका तो सड़क पर बैठ गए, लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल से भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने निकले स्कूल सफाई कर्मचारियों की रैली को पुलिस ने माना नहर के पास रोक दिया। इससे प्रदर्शनकारी बिफर उठे और सड़क पर बैठकर घंटों नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच झूमाझटकी की नौबत भी आई। 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी रविवार को प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए।

- तूता धरनास्थल से निकाली रैली, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका

भाजपा द्वारा 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व घोषणापत्र में किया गया 50 फीसदी वेतनवृद्धि का वादा पूरा कराने और पूर्णकालिक कलेक्टर दर से वेतन भुगतान करने तथा युक्तियुक्तकरण में प्रभावित स्कूल सफाई कर्मचारियों को काम पर यथावत रखने की मांग को लेकर प्रदेशभर के 43301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को प्रदेश के दूरदराज इलाकों से बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी सुबह से नवा रायपुर के तूता धरनास्थल से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक रैली निकालने के लिए पहुंचे। उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की थी। आंदोलकारियों ने पूरे दमखम के साथ धरनास्थल से रैली निकाली, जिसे पुलिस प्रशासन ने माना नहर के पास बेरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इससे प्रदर्शकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। बाद में उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्थल पर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।



### मंत्रालय से चर्चा के लिए बुलावा पदाधिकारी गए

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल को मंत्रालय से चर्चा के लिए बुलाया गया। आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी इस दौरान चर्चा के लिए मंत्रालय गए। वहीं बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी चक्काजाम कर घंटों सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे।

### जाम रहा हाईवे

कर्मचारियों के सड़क पर बैठने की वजह से जाम के हालात बन गए थे। पुलिस ने सड़क की दोनों ओर आवाजाही बंद कर दी। लोगों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ा। जाम में फंसे लोग माना से घूमकर शहर की ओर आए।

# कृषि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी, पोहा-मुरमुरा करमुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी काउंसिल की बैठक 3 और 4 सितंबर को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में आम जनता से जुड़े विषयों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सुझाव भेजे गए हैं। इन सुझावों में कृषि उपकरणों पर जीएसटी 5 फीसदी किए जाने, आम आदमी के दैनिक उपयोग में आने वाले पोहा-मुरमुरा को करमुक्त करने, स्कूल बसों पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किए जाने के सुझाव शामिल हैं।

- जीएसटी काउंसिल की बैठक 3 से कैट सीजी चैप्टर ने वित्त मंत्री को भेजे सुझाव

प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने आगामी जीएसटी बैठक के लिए कैट की छत्तीसगढ़ इकाई के पास बिंदुवार सुझाव पेश किए हैं। इन सुझावों को रविवार को कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, स्टेट चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन के माध्यम से संकलित कर वित्त मंत्री को भेजा गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि प्रदेश के व्यापार जगत ने व्यापक चर्चा एवं विचार-विमर्श के बाद जिन बिंदुओं को चिन्हित किया है, वे न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत, बल्कि किसानों, छात्रों एवं आम उपभोक्ताओं के हित से भी जुड़े हुए हैं।

# जेल में नुआखाई मिलन समारोह कैदियों ने ग्रहण किया नवान्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कृषि पर्व नुआखाई के अवसर पर केंद्रीय जेल में रविवार को एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल की चारदीवारी के भीतर अपने परिवारों से दूर रह रहे कैदियों को पर्व की खुशियों में शामिल करना और उन्हें एक नए जीवन की शुरुआत के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में जेल में बंद सभी कैदियों के बीच नुआखाई का पारंपरिक प्रसाद वितरित किया गया और उनके साथ मिल-जुलकर सौहार्द्रपूर्वक यह पर्व मनाया गया। यह आयोजन बीते 19 वर्षों से जेल में किया जा रहा है। इस मौके पर सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने कैदियों से आव्हान किया कि सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे के पावन अवसर पर सभी अपराध से दूर रहने का संकल्प लें और एक अपराध-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस संबंध में सामाजिक संस्था सुराज जनकल्याण सोसाइटी समिति के अध्यक्ष प्रीतम महानंद ने कहा, समाज के हर वर्ग तक त्योहार की खुशी पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम को सहायक जेलर उदयराज गायकवाड़, जेल प्रहरी फेंकूराम ध्रुव, डॉ. रोहन दीक्षित, आशीष तांडी, किशन बघेल, मुकेश पंजवानी, बॉबी किन्नर, आरती सोनी, संतोष निहाल, प्रेम हरपाल, सूरज महानंद, हीरा दीप, शांति तांडी आदि ने संबोधित किया।

- अपराध से दूर रहकर अपराध मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का लिए संकल्प

# कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक में पदाधिकारियों ने लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा स्थित सरजूबांधा मुक्तिधाम में रविवार को कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक हुई। इस दौरान गत दिनों संपन्न हुई सावन उत्सव प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए हरेली उत्सव प्रतियोगिता के अलावा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी थाना सिटी कोतवाली के बंदीगिरी और पोला पर्व पर बैल दौड़, सजावट प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह प्रतियोगिता के समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम में हुए खर्चों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी द्वारा स्वीकृत 5 लाख रुपए की विधायक निधि राशि से कार्य की शुरुआत की रूपरेखा तैयार की गई। विधायक श्री सोनी ने सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा श्मशानघाट के पास के शेड निर्माण के लिए घोषणा की है। नारायण साहू ने अपने दादा स्व. भुवन साहू की स्मृति में 10 हजार की राशि से दो सीमेंट के बेंच मुक्तिधाम परिसर के उपयोग के लिए दान दिए। साथ ही अजय जैन पटौदी ने मुक्तिधाम परिसर में उपयोग के लिए एक सीलिंग पंखा और इमरजेंसी ट्यूबलाइट दान में दी। इस अवसर पर अध्यक्ष माधवलाल यादव, संजय चंद्राकर, पदाधिकारी रतन जैन, राजेश सिंह ठाकुर, सचिव गोवर्धन झंवर, राजू यादव, रवि धनगर, अशोक पटेल, लोकेश यादव सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

- सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा श्मशानघाट के पास के शेड निर्माण के लिए घोषणा की

# ड्रग्स के हनी ट्रैप गैंग में कई युवतियां पुलिस को मिले ढेरों मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एमडीएमए मामले में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें अपने हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग्स बेचने वाली नव्या मलिक द्वारा ड्रग खपाने लड़कियों के इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह नव्या के मोबाइल में ढेरों युवतियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। इनमें ज्यादातर दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियां शामिल हैं। नव्या के मोबाइल कांटेक्ट सूची में करीब आठ सौ लोगों के मोबाइल नंबर पुलिस को मिले हैं। इनमें से कई नंबर मलेशिया के बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में नव्या पुलिस को सहयोग नहीं कर रही है। नव्या को पुलिस ने पूछताछ करने पांच दिन की रिमांड पर लिया है। राजधानी में कोरोना संक्रमण के समय से ड्रग्स का कारोबार तेजी से फैला है। राजधानी सहित प्रदेश के युवाओं को ड्रग के गर्त में धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती कर रही है। पुलिस ने ड्रग के कारोबार से जुड़े दो बड़े नेटवर्क के सरगना सहित उनके पैडलर को गिरफ्तार कर ड्रग नेटवर्क तोड़ने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपाने वालों के साथ हनी ट्रैप में फंसाकर ड्रग खपाने वाले रैकेट से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

- कांटेक्ट लिस्ट में रायपुर, दुर्ग, भिलाई के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियों के नाम


ड्रग में भी हनी ट्रैप, इंटीरियर डिजाइनर मुंबई से गिरफ्तार

### बैंक अकाउंट की जांच

पुलिस को नव्या के रायपुर के साथ दिल्ली तथा मुंबई में बैंक अकाउंट होने की जानकारी मिली है। पुलिस उन बैंक अकाउंट्स के बारे में जानकारी जुटाकर जांच करने की बात कह रही है। नव्या तथा उससे जुड़े रैकेट के लोगों द्वारा ज्यादातर यूजर्स को कैश में ड्रग बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। ड्रग रैकेट मामले में पुलिस जल्द ही नए तथ्यों के साथ खुलासा करने की बात कह रही है।

### संदिग्ध नंबरों की जांच

पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में जो नंबर मिले हैं, उसमें उसके परिवार से जुड़े लोग, इंटीरियर डिजायनर फील्ड से जुड़े लोगों के अलावा रिश्तेदारों सहित अन्य कई लोगों के नंबर मिले हैं। पुलिस नव्या के मोबाइल से मिले संदिग्ध नंबरों को अलग कर उसकी पड़ताल कर रही है। संदिग्धों की सूची तैयार कर पुलिस उन्हें पूछताछ करने जल्द ही तलब करने की बात कह रही है। नव्या के मोबाइल में शहर के कई नामचीन लोगों के नाम होने की बात भी सूत्र बता रहे हैं।

### कोडवर्ड में मिले कई नाम

पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में कई नाम कोडवर्ड में लिखे मिले। इनमें चाकलेट, बेबी जैसे नाम से नंबर सेव होना बताया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि जिन लोगों के नाम कोडवर्ड में मोबाइल में सेव हैं, वे ड्रग्स खपाने वाले रैकेट से जुड़े हो सकते हैं या फिर नियमित ड्रग्स खरीदने वाले ग्राहक हो सकते हैं।

# गेंहू-चना बीज को ज्यादा रेट पर बेचा, अब होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तिल्दा क्षेत्र में रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2025-26 में बीज ग्राम योजना के तहत खेती-किसानी के लिए किसानों को गेंहू, चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया गया। शासन ने दोनों बीज एवं जिंग सल्फेट प्रति किलो, प्रति बोरी की दर से दाम निर्धारित किया था। किसानों को इसी निर्धारित कीमत पर इसका वितरण होना था, लेकिन इसमें अनियमितता कर अफसरों ने किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर गेंहू-चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया। इसका खुलासा इस मामले की प्रारंभिक जांच में हुआ है। इस क्षेत्र के सभी फील्ड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने बयान में बताया है कि क्षेत्र के कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास एवं विस्तार अधिकारी ने बैठक लेकर इस संबंध में उन्हें निर्देश दिए थे, जिसका सभी ने मात्र पालन किया है। इधर प्रारंभिक जांच के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी ने आदेश जारी कर किसानों को उनकी अंतर की राशि लौटाने के लिए कहा है। अधिकारी का बयान है कि ट्रांसपोर्टिंग का पैसा जोड़कर रेट लिया गया है।

- प्रति बोरी के पीछे गेंहू बीज में 268 रुपए एवं चना बीज में 290 रुपए ज्यादा लिए गए

### जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मामला

राजधानी रायपुर में 16 जून 2025 को हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने इस मामले में विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी थी कि उनके पास किसानों की शिकायत आई है कि रबी और खरीफ सीजन में गेंहू, चना बीज एवं जिंग सल्फेट को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उन्हें वितरण किया है। इसके बाद केएन रस्तोगी अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग रायपुर को इस मामले की जांच के लिए आदेशित किया गया था।



### विभागीय जांच जारी

इस मामले में विभागीय जांच अभी जारी है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। जांच रिपोर्ट सप्ताहभर में मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेंगे। *- सतीश अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी*

### किसानों से वसूले ज्यादा दाम

जांच कर रहे अधिकारी ने इस मामले में फील्ड में पदस्थ सभी कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान लिए हैं। इस बयान में सभी विस्तार अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा गेंहू बोरी (40 किलो) 1108 रुपए, चना बोरी (30 किलो) 1460 रुपए तथा जिंक सल्फेट (प्रति किलो) 50 रुपए की दर से वितरित किए गए हैं।

### भाड़ा भी लगता है इसलिए...

जांच के दौरान क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने स्वीकार किया है कि रबी सीजन 2024-25 में जिंक सल्फेट प्रति किलो 50 रुपए एवं खरीफ सीजन 2025 में 42 रुपए प्रति किलो से जिंक सल्फेट वितरित किया है। उन्होंने अपने बचाव में यह भी कहा कि गाड़ी भाड़ा लगता है। यह राशि कौन देगा, इसलिए अधिक मूल्य पर वितरण के निर्देश दिए थे।

## पेज 07 के शेष ...

### स्टेशनों पर ट्रेन...

**बैहाटोला**
- 11752 चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस
- 11751 रीवा–चिरमिरी एक्सप्रेस

**उमरिया**
- 18204 कानपुर–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18203 दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस

**अमलाई**
- 8756 अंबिकापुर–शहडोल एक्सप्रेस
- 18755 शहडोल–अम्बिकापुर एक्सप्रेस

**बीरसिंहपुर**
- 18204 कानपुर–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18203 दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस

**चंदिया रोड**
- 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस
- 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस

**बेलगहना**
- 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस
- 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस
- 18478 योगनगरी ऋषिकेश–पुरी एक्सप्रेस
- 18477 पुरी–योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस

**खोंगसरा**
- 18236 बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस
- 18235 भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 18258 चिरमिरी–बिलासपुर एक्सप्रेस
- 18257 बिलासपुर–चिरमिरी एक्सप्रेस

**गतौरा**
- 18114 बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस
- 18113 टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस

**किरोड़ीमल नगर**
- 18110 इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस
- 18109 टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस

**करंजी**
- 18756 अंबिकापुर–शहडोल एक्सप्रेस
- 18755 शहडोल–अम्बिकापुर एक्सप्रेस

**पाराडोल**
- 11752 चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस
- 11751 रीवा–चिरमिरी एक्सप्रेस

**देवबलौदा, चरोदा**
- 18030 शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस
- 18029 एलटीटी–शालीमार एक्सप्रेस

### सबसे ज्यादा फायदे में...

साहू और विधायक अटल श्रीवास्तव के क्षेत्र में है। बिल्हा में चार ट्रेनें सारनाथ एक्सप्रेस, शालीमार-एलटीटी, शिवनाथ एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस रुकेगी। इसी तरह बेलगहना रेलवे स्टेशन में बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, सारनाथ व कलिंग उत्कल का ठहराव दिया गया है। इनमें से एक ट्रेन 31 अगस्त से, कुछ ट्रेनें 1 सितंबर तो कुछ 2 सितंबर से निर्धारित स्टेशनों में रुकेंगी।

### बूढ़ातालाब चौपाटी की...

दौरान उन्होंने वहां की दुकानों के सामने भारी गंदगी पाई। पार्किंग की कोई व्यवस्था भी स्थल पर नहीं थी। इसे देखते हुए महापौर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्हें तत्काल सील करने निर्देश दिए और खुद अपने सामने दुकानों को सील कराया। महापौर ने वहीं से अपील की कि शहर में दुकानों का चयन केवल उन्हीं स्थलों पर करें, जो नगर निगम से स्वीकृत और नियम के अनुरूप हों। इस बात ध्यान रहे कि जहां दुकानें ले रहे हैं, वहां पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि रायपुर शहर के किसी भी स्थान पर मकान अथवा दुकान खरीदने से पहले संबंधित स्थल का लैंडयूज, स्वीकृति और वैधता की जानकारी अवश्य लें, ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार की सख्त कार्यवाही का सामना न करना पड़े। महापौर मीनल चौबे ने एमआईसी सदस्यों और जोन-4 अध्यक्ष के साथ स्वामी विवेकानंद सरोवर के नए बायपास मार्ग से सटी बूढ़ातालाब चौपाटी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, महेंद्र खोडियार, अवतार बागल, अमर गिदवानी, संतोष साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, सरिता दुबे, सीमा हियाल, सुमन पांडेय, गायत्री चंद्राकर, जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, पार्षद अजय साहू, जोन-4 कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, उप अभियंता योगेंद्र साहू, हिमांशु चंद्राकर उपस्थित रहे।

### वाहन जांच में फंसा...

भोपाल निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, चंदनीडीह के पास गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान विशाल की एक्टिवा में पुलिस का स्टीकर लगा दिखा। इस पर पुलिस ने विशाल को रोककर पूछताछ की और तेज गति से गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही थी। इस बीच विशाल ने कार्रवाई से बचने पुलिस को अपने आपको आईबी अधिकारी बताते हुए धौंस जमाने की कोशिश की। विशाल से पुलिस ने आईबी अफसर होने का प्रमाण मांगा तो उसने पुलिस को जेब से निकालकर आई कार्ड दिखाया। कार्ड में केंद्रीय गृह मंत्रालय का लोगो लगा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो वह फर्जी पाया गया।

### चाकू की नोक पर...

पर बदमाश सीआईएसएफ जवान को जमीन पर गिराकर उसकी एक्टिवा लूटकर मौके से फरार हो गए।

# ट्रिपलआईटी के छात्र पढ़ेंगे डिजिटल मानविकी, तीसरे सेमेस्टर से मिलेगा अतिरिक्त विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रिपलआईटी के छात्र अब इंजीनियरिंग के विषयों के साथ ही डिजिटल मानविकी जैसे विषयों का भी अध्ययन करेंगे। फिलहाल रायपुर ट्रिपलआईटी के छात्रों को ही यह सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है। ट्रिपलआईटी प्रबंधन के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना कर सकें।

हरिभूमि सरोकार

नए पाठ्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा और स्किल-बेस्ड कोर्सेज को विशेष महत्व दिया गया है। बीटेक पाठ्यक्रम में छात्रों को मेजर, माइनर और ऑनर्स के विकल्प दिए जाएंगे। तीसरे सेमेस्टर से प्रत्येक छात्र किसी एक माइनर स्ट्रीम का चयन कर अपनी मुख्य डिग्री के साथ एकअतिरिक्त विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को अधिक लचीला, बहु-विषयी और भविष्य उन्मुख बनाने का अवसर मिलेगा। सत्र 2025 से बीटेक और एमटेक सहित पीएचडी कार्यक्रमों में भी यह पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। पिछले दो महीनों से ट्रिपलआईटी की अकादमिक टीम इस दिशा में कार्यरत थी। संस्थान के बोर्ड ऑफ स्टडीज और अकादमिक सीनेट द्वारा इस नई संरचना को अनुमोदित कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को उनके विषयों के इतर अन्य विषयों के अध्ययन का अवसर प्रदान करना भी शामिल है, ताकि विद्यार्थीजिस विषय की डिग्री हासिल कर रहे हैं, उसके साथ किसी अन्य क्षेत्र में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकें।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ट्रिपलआईटी ने प्रदान की छात्रों को नई सुविधा
- साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स के भी विकल्प

### सभी ब्रांच के छात्र कर सकेंगे चयन

ट्रिपलआईटी के निदेशक प्रो.ओमप्रकाश व्यास ने बताया, संस्थान के शिक्षकों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विद्यार्थियों के लिए भविष्य उन्मुखी एवं रोजगार परक नई अकादमिक संरचना को इस प्रकार से अंतिम रूप दिया है जिससे तीनों ब्रांच के छात्र इसका चयन कर सकें। बीटेक के प्रत्येक छात्र को अपनी मुख्य ब्रांच में मेजर-डिग्री के साथ एक अन्य विषेशज्ञता के क्षेत्र को चुनने का विकल्प दिया जाएगा।जिस विषय का चुनाव छात्र द्वारा किया जाएगा, उस विषय में छात्रों को माइनर डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे छात्रों के पास तकनीक के इस बदलते हुए दौर में भी संभावनाएं बनी रहेंगी।



### इन विषयों का विकल्प

1. डिजिटल ह्यूमैनिटीज
2. साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स
3. डिजिटल मोबिलिटी–इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी
4. क्वांटम कंप्यूटिंग
5. बिजनेस इंफॉर्मेटिक्स

## खबर संक्षेप

### सीएम बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आज लेंगे जायजा



**रायपुर।** बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को बस्तर दौरे पर जा रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9.55 बजे विशेष विमान से रायपुर से प्रस्थान कर 10.35 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे। वहां दोपहर 3 बजे तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना करने के बाद वे अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में बाढ़ प्रभावितों के लिए अब तक किए गए उपायों की समीक्षा करेंगे। वे शाम को रायपुर वापस लौटेंगे।

### जवाहर नगर मंडल ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम मन की बात का 125वां संस्करण जिले भर के सभी भाजपा मंडलों के बूथों पर सुना गया। रविवार को यह आयोजन ललिता चौक में किया गया। मन की बात के संबंध में जवाहर नगर मंडल के महामंत्री रमेश शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन-जन को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र के उत्कर्ष की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा की तरह जवाहर नगर मंडल के सदस्यों द्वारा सुना गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से रायपुर भाजपा जिला के सभी मंडलों के बूथों पर सुना जाता है। जहां सभी मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पार्षद, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के साथ राजधानीवासी भी शामिल होते हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी वार्ड के पूर्व पार्षद भावेश पिथालिया, मंडल महामंत्री रमेश शर्मा, मंत्री दिनेश शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुभाष बख्शी, दिनेश, पिंटू, संजय साहू, पूनम सोनी, लक्ष्मीनारायण साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के भूपेंद्र मक्कड़, सुनील साहू, तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड समोराह 15 को

**रायपुर।** इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह अभियंता दिवस पर 15 सितंबर को आयोजित है। समारोह के लिए अवार्ड देने की चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसोसिएशन के सचिव इंजी. विपिन शर्मा और इंजी. योगेश शर्मा ने बताया कि प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ में दिया जाने वाला यह सबसे बड़ा सम्मान है। अवार्ड के लिए 8 सितंबर तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। इसके लिए नामांकित व्यक्ति की सहमति आवश्यक होगी।

### यूरिया किल्लत के खिलाफ आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**रायपुर।** किसानों को हो रही यूरिया की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। इसके खिलाफ 1 सितंबर को पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आज किसानों को 266 रूपए में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है। इसके पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपए में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था।

### तेंदुआ और पचेड़ा की कृषि जमीन का लैंड यूज चेंज होगा, पौता चेरिया की जमीन भी शामिल

# नवा रायपुर के लिए उद्योगों को बुलावा, तेंदुआ में बॉम्बे हास्पिटल के लिए पांच एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटलनगर में राज्य सरकार अब बड़े उद्योगों को निवेश के लिए आकर्षित करने औद्योगिक, सार्वजनिक और अर्द्ध सार्वजनिक प्रयोजन के लिए लैंड यूज चेंज करने जा रही है। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, नगर निवेश अधिनियम 1973 की धारा 23/12 के अंतर्गत अटलनगर विकास योजना 2031 में आवश्यक लोक प्रयोजनार्थ के तहत कृषि भूमि का डायवर्सन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नवा रायपुर में बड़े उद्योगों को जमीन आवंटित करना है।

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ग्राम तेंदुआ और पचेड़ा में इसके लिए जमीनों का आवंटन किया जाएगा। जारी सूचना में ग्राम तेंदुआ में 73.148 और ग्राम पचेड़ा में 29.708 हेक्टेयर कृषि जमीन का लैंड यूज चेंज किया जाएगा।

यहां पर दो एकड़ से अधिक जमीन उद्योगों को बीड रेट के अनुसार मिलेगी। बताया गया है कि नवा रायपुर के लेयर-2 में बसाहट बढ़ाने विकास प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां पर ऐसे उद्योगों को जमीन आवंटित की जाएगी, जो अपना निर्माण तीन साल के अंदर पूरा करेंगे।



- *यहां पर दो एकड़ से अधिक जमीन उद्योगों को बीड रेट के अनुसार मिलेगी। बताया गया है कि नवा रायपुर के लेयर-2 में बसाहट बढ़ाने विकास प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां पर ऐसे उद्योगों को जमीन आवंटित की जाएगी, जो अपना निर्माण तीन साल के अंदर पूरा करेंगे।*

### पूर्व में यहां आवंटन

नवा रायपुर में पहले सेक्टर-5 में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए जमीनों का चिन्हांकन किया गया था। यहां अब जमीन न होने के कारण दूसरे क्षेत्र को विकसित करने प्लान तैयार किया गया है। यहां 5000 वर्गफुट से लेकर छोटे प्लाट तक तैयार किए गए थे। अब यहां पर आवंटन पूरा हो गया है।

### चार गांवों की जमीनें चिन्हित

*आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र भारद्वाज द्वारा जारी निर्देशानुसार, पौंता, चेरिया में पहले चरण में कुल 64 हेक्टेयर में तथा दूसरे चरण में 56 से लेकर 169 खसरा की कृषि योग्य भूमि का सार्वजनिक, अर्धसार्वजनिक एवं व्यावसायिक के लिए कृषि भूमि का लैंड यूज चेंज किया जा रहा है। इसका उपयोग शिक्षा प्रायोजनों रोजगार बसाहट एवं निवेश के प्रोत्साहन के लिए किया जाएगा। वहीं तेंदुआ और पचेड़ा में उद्योगों को जमीन आवंटित करने 102.286 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। दावा-आपति के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।*

### 2 हजार से 5 हजार रुपए वर्गफुट तक बोली

व्यावसायिक उपयोग के लिए बिड सिस्टम से जमीन का आवंटन किया जाता है। यहां पर 2 हजार से 5 हजार रुपए वर्गफीट तक कीमत बताई जाती है। अधिकतम कीमत वाले बिडर को जमीन आवंटित की जाती है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को इससे अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### बॉम्बे हॉस्पिटल को 5 एकड़ जमीन

बॉम्बे हॉस्पिटल समूह को नवा रायपुर के तेंदुआ गांव में 5 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। यह आवंटन टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किया गया है। बॉम्बे हॉस्पिटल समूह को अगले तीन साल में नवा रायपुर में अपना अस्पताल स्थापित करने की समयसीमा दी गई है।

### आर्ट ऑफ लिविंग को 40 एकड़ जमीन

नवा रायपुर अटलनगर में आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र की स्थापना के लिए रियायती दर पर 40 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ की आगामी राजधानी नवा रायपुर अटलनगर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्री सत्य साईं स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट को 5 एकड़ अतिरिक्त भूमि निशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

# निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना बंद होने का खतरा टला

## बकाया भुगतान के लिए 505 करोड़ की होगी व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आईएमए की बैठक में बनी सहमति, अन्य समस्याओं पर बाद में होगी चर्चा

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत हितग्राहियों का निजी अस्पतालों में इलाज बंद होने का खतरा फिलहाल टल गया है। राज्य शासन द्वारा जारी 375 करोड़ और केंद्र सरकार द्वारा आवंटित 130 करोड़, यानी कुल 505 करोड़ की राशि से अस्पतालों को पूर्ण बकाया भुगतान की व्यवस्था हो जाएगी। फिलहाल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में बहिष्कार नहीं करने पर सहमति बनी है। योजना से संबंधित अन्य समस्याओं पर संगठन बाद में चर्चा करेगा। स्वास्थ्य सहायता योजना में इलाज के बदले निजी अस्पतालों को 700 करोड़ से ज्यादा का भुगतान नहीं किए जाने से विवाद की स्थिति बनने लगी थी। अस्पताल योजना के तहत इलाज करने से हाथ उठाने की तैयारी में थे। इसे लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं हास्पिटल बोर्ड की बैठक रविवार को भिलाई के निजी होटल में हुई। बैठक में शामिल सौ से ज्यादा सदस्यों को बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर 375 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा सूचना दी गई है कि इसके अतिरिक्त 130 करोड़ भी केंद्र से आवंटित कर दिए गए हैं, जो सितंबर के पहले सप्ताह में विभाग को मिल जाएंगे। इस प्रकार लगभग 505 करोड़ रुपए प्राइवेट अस्पतालों के लगभग पूर्ण बकाया चुकाने के लिए उपलब्ध होंगे। इस जानकारी के आधार पर निजी अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज जारी रखने का फैसला लिया है। सदस्यों ने शासन से इस योजना के अनुपूरक वार्षिक बजट के लिए 1500 करोड़ अतिरिक्त प्रावधान हेतु उचित कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि योजना में निरंतरता बनी रहे, क्योंकि प्रतिमाह 200 से 250 करोड़ की आवश्यकता इस योजना में मरीजों के इलाज के लिए पड़ती है। बैठक में आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडे, सचिव डॉ. नीरज शर्मा, सह अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, हास्पिटल बोर्ड के सचिव डॉ. नितिन जुनेजा मौजूद थे।

### एएचपीआई ने किया 5 दिन सांकेतिक बंद पर विचार

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) की सामान्य सभा की बैठक में आयुष्मान योजना में लगातार आ रही परेशानियों के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि सदस्यों ने एक स्वर में सुझाव दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग से योजना में बढ़ी दर लागू करने सरकारी एवं निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों की कमेटी बनाई जाए।

# त्योहारी सीजन प्रारंभ, ऑटोमोबाइल सेक्टर पर बरस रही गणपति की कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव के प्रारंभ होने के साथ त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में गणपति की कृपा बरस रही है। गणेशोत्सव में हर दिन को शुभ माना जाता है। ऐसे में लोग वाहनों की खरीदारी करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक 11 दिनों में 20 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। पांच दिनों में ही करीब दस हजार वाहन बिक चुके हैं। इस बार त्योहारी सीजन में ऑटोमोबाइल सेक्टर में यह खास बात है कि इस बार एसयूवी कारों के ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिल रहे हैं। ऐसे में जिनको मनपसंद कार चाहिए, वह तत्काल मिल रही है। देश भर में कारों की पिछले चार माह से बिक्री कम हो गई है। अपने प्रदेश में भी कारों की बिक्री प्रभावित हुई है। कारों की सप्लाई ज्यादा होने के कारण सभी डीलरों के पास भरपूर स्टॉक है। टोयटा की हाई क्रास के साथ कुछ ही मॉडल ऐसे हैं जिनकी वेटिंग एक से दो माह है। दो साल पहले एसयूवी कारों के ज्यादातर टॉप मॉडल ऑन डिमांड मिल ही नहीं रहे थे। कई मॉडलों में छह-छह माह तक की वेटिंग थी, लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है। दरअसल सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारों की सप्लाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब तो अपने ही देश में सेमीकंडक्टर बनने के कारण कारों का बहुत ज्यादा उत्पादन होने से कारों की कमी नहीं रह गई है। ऐसे में अब त्योहारी सीजन में इस बार मनपसंद कारों का टोटा होने वाला नहीं है।

- 11 दिनों में 20 हजार वाहन बिकने का अनुमान

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी रफ्तार

इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। रक्षाबंधन के बाद से ही त्योहारी सीजन प्रारंभ हो जाता है। सबसे पहले गणेश चतुर्थी में 11 दिनों तक लगातार वाहन बिकेंगे। इसके बाद हालांकि पितृपक्ष लग जाता है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि और फिर दीपावली के कारण बहुत ज्यादा खरीदारी होती है। कारोबारियों को इस बार भी बीते साल की तरह अच्छा कारोबार होने की संभावना है। सबसे पहले गणेशोत्सव में सबसे ज्यादा बाइक और इसके बाद कारों के बिकने का अनुमान है। इसी के साथ अन्य वाहन भी बिकेंगे। कुल मिलाकर रोज करीब दो हजार के आस-पास वाहन बिक जाएंगे।

# मोवा टंकी का वॉल्व स्लिप, इधर दलदल सिवनी की टंकी घंटों ओवरफ्लो, हजारों लीटर पानी बर्बाद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित मोवा पानी टंकी का वॉल्व स्लिप होने से रविवार को शाम के समय लोगों के घरों में पीने का पानी नलों से नहीं आया। वहीं दलदल सिवनी की पानी टंकी समय से पहले भर गई, लाइनमैन मौके पर नहीं था, इसलिए टंकी दोपहर से शाम तक से घंटों ओवरफ्लो होती रही।

इस दौरान दोपहर से लेकर शाम तक हजारों लीटर पीने का साफ पानी फिजूल बह गया। जोन-9 अमले का लाइनमैन समय पर मौजूद नहीं होने से पानी टंकी ओवरफ्लो होने के बाद बंद नहीं की जा सकी। इस बात को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी है।

दरअसल रविवार की सुबह मोवा स्थित पानी टंकी का वॉल्व स्लिप होने से जोन-9 के डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड और रानी लक्ष्मीबाई वार्ड की पेयजल आपूर्ति शाम को बाधित रही। वहीं दलदल सिवनी की पानी टंकी समय से पहले भरने के बाद उस पर कंट्रोल करने डयूटी पर से लाइनमैन नदारद मिला, इस वजह से दलदल सिवनी की पानी टंकी ओवरफ्लो हो गई।

यह सिलसिला दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चलता रहा। शाम को लाइनमैन के आने पर स्थिति सामान्य हुई। प्रभावित इलाके में पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की गई।





- दोपहर बजे से शाम 6 बजे तक चलता रहा मरम्मत का काम
- लाइनमैन नदारद, इसलिए दलदल सिवनी की पानी टंकी ओवरफ्लो

### मोवा टंकी के वॉल्व में खराबी घंटों मरम्मत

मोवा पानी टंकी के वॉल्व की मरम्मत के दौरान जोन-9 कमिश्नर संतोष पांडे, जल विभाग के अधिकारी और तीन वार्ड के पार्षदों सहित स्थानीय रहवासी स्थल पर डटे रहे। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के पार्षद मोहन साहू, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के पार्षद देवदत्त द्विवेदी, पार्षद प्रतिनिधि खेमलाल कोशले सहित स्थानीय रहवासी इस दौरान मौजूद रहे।

# कड़ी मेहनत से पाई सफलता, पीजी में प्रवेश के लिए अब विभागीय एनओसी का चक्कर

- 25 लाख की प्रॉपर्टी मॉडगेज का मसला बढ़ा रहा छात्रों की दिक्कत
- नियम शिथिल करने का आशवासन, मगर अब तक कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अनुबंध सेवा करते हुए कड़ी मेहनत कर कई डॉक्टरों ने नीट पीजी में अच्छे रैंक के साथ सफलता तो पाई, मगर एडमिशन के लिए विभागीय एनओसी का चक्कर उनकी दिक्कत बढ़ा रहा है। एनओसी की खातिर 25 लाख की प्रॉपर्टी मॉडगेज रखने का नियम है, जो छात्रों की परेशानी का बड़ा कारण है। शासन स्तर पर कुछ समय पहले इस नियम को शिथिल करने का आश्वासन तो दिया गया था, मगर इस संबंध में अब तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है। राज्य में एमडी-एमएस सहित अन्य स्नातकोत्तर सीटों पर 30 प्रतिशत से ज्यादा ऐसे डॉक्टर एडमिशन लेते हैं, जो शासकीय कॉलेजों में एमबीबीएस करने के बाद दो साल की अनुबंध सेवा को पूरा करते हैं। आगे की पढ़ाई करने के लिए उन्हें विभाग से एनओसी लेना पड़ता है और इसके लिए उन्हें 25 लाख रुपए की प्रॉपर्टी के कागज बंधक के रूप में जमा करने का नियम है। कई छात्रों की आर्थिक स्थिति इस लायक नहीं होने का हवाला देकर इसका काफी समय से विरोध किया जा रहा है। कुछ समय पहले चिकित्सकीय संगठनों के साथ जूनियर डॉक्टर इस मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिले थे। उनकी परेशानी के संबंध में गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को नियम में शिथिलता लाने के निर्देश दिए थे। काफी समय बीतने के बाद भी इस पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है और पीजी एडमिशन का समय नजदीक आ गया है। कई बांडेड डॉक्टरों ने नीट पीजी में अच्छा रैंक हासिल किया है, जिससे उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेजों में सबसे अधिक डिमांड वाली सीट मिल सकती है, मगर वे एनओसी की खातिर 25 लाख रुपए की संपत्ति बंधक बनाने की स्थिति में नहीं हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

## अनुबंध तोड़ने से बचाव के लिए बना नियम

सूत्रों के अनुसार, करीब दस साल पहले बांड नियम का पालन नहीं करने वाले डॉक्टरों की बड़ी संख्या को देखते हुए शासन द्वारा इसका नियम बनाया गया था। इसमें पीजी करने के लिए 25 लाख की प्रॉपर्टी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने के लिए बांडेड डॉक्टरों को 50 लाख की संपत्ति बंधक रखने का नियम बनाया गया था। इस नियम के बाद बीच में बांड ड्यूटी छोड़कर जाने वालों की संख्या घट गई, मगर इतनी अधिक राशि की संपत्ति की व्यवस्था के कारण कई विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का मौका गंवाने लगे।

### चिकित्सकीय संगठनों से गुहार

पीजी में डिमांड वाली सीट मिलने की आस लगाकर बैठे कई डॉक्टर चिकित्सकीय संगठनों ने गुहार लगा रहे हैं। उनकी बड़ी समस्या यही है कि विभाग एनओसी देने के लिए उन्हें दो टूक 25 लाख की प्रॉपर्टी के कागज लाने कह रहे हैं। ज्यादातर चिकित्सक इस मॉडगेज की प्रक्रिया के दूसरे विकल्प के बारे में पूछ रहे हैं, जो फिलहाल नहीं है। कुछ समय पहले प्रॉपर्टी बंधक रखने के बजाय शपथ पत्र से प्रक्रिया पूरी करने का नियम बनाने की तैयारी थी, लेकिन यह प्रक्रिया भी अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

### अधिकारियों से मिलेंगे

सीजीडीएफ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि पीजी और सुपर स्पेशलिटी ही पढ़ाई के लिए बांडेड डॉक्टरों के लिए प्रॉपर्टी मॉडगेज करने का नियम बहुत ही दिक्कतों भरा है। इसे शिथिल करने की मांग काफी समय कर रहे हैं। पीजी एडमिशन की काउंसिलिंग शुरू होने वाली है, मगर आश्वासन के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस मामले को लेकर जल्द ही संगठन के सदस्य विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

ऑपरेशन सिंदूर, शिव प्रसंग, छठ पर्व ....

## शहर में विराजे गणपति


श्री श्रमजीवी गणेशोत्सव समिति नंदी चौक टिकरापारा


श्री शीतला नवयुवक गणेशोत्सव समिति, मठपारा


श्री बाला जी बाल गणेशोत्सव समिति, दूधाधारी मठ


श्री दयालेश्वर भोलेनाथ गणेशोत्सव समिति, सुभाष नगर, कुकरी चौक


श्रीराम गणेश उत्सव समिति अवधपुरी कॉलोनी भाठागांव


श्री बजरंग युवा समिति मठपारा


माँ दुर्गा मंदिर कुशालपुर

### 90 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला में प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता अखिलेंद्र मिश्र ने दिए टिप्स

# सफल अभिनेता बनने अपने भीतर अभिनय कला को पहले साधें, पात्र चरित्र के बारे में शोध करें

**गोल्डन फ्रेम एकेडमी ऑफ फिल्म आर्ट्स के तत्वावधान में चल रहे 90 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला में शिरकत करने प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता अखिलेंद्र मिश्र राजधानी पहुंचे। उन्होंने रविवार को कार्यशाला में नवोदित कलाकारों को एक्टिंग का पाठ पढ़ाया। साथ ही अभिनय कला के क्षेत्र में एक सफल अभिनेता बनने के टिप्स बताए।**





**रायपुर।** अपने एक्टिंग टिप्स में अभिनेता ने नवोदित रंगमंच के कलाकारों को एक सफल रंगकर्मी या अभिनेता बनने के लिए पहले खुद के भीतर के अभिनय कला को कठिन अभ्यास से साधने की सलाह दी। वहीं, किसी भी पात्र चरित्र को नाट्य मंच पर निभाने से पहले उस पात्र की जीवन यात्रा, भाषाशैली, संवादशैली, हाव-भाव, पहनावा, बॉडी लैग्वेज, पृष्ठभूमि के बारे में शोध करने की बात कही। ताकि उस पात्र को दर्शकों के समक्ष जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा सके। एक अभिनेता या रंगकर्मी ऐसा करने में जब कामयाब हो जाता है, तो वह एक सफल अभिनेता बनने की दिशा में आगे बढ़ जाता है।

### एक्टिंग की बिना तैयारी लाइम लाइट के चक्कर में भटके नहीं युवा

अभिनेता अखिलेंद्र मिश्र ने प्रशिक्षु कलाकारों से कहा कि अभिनय की दुनिया में कॅरियर बनाने वाले युवाओं से कहना चाहूंगा कि वे बिना एक्टिंग की पूर्ण तैयारी के, सिर्फ लाइम लाइट के चक्कर में खुद को भटकाए नहीं। पहले प्रोफेशन रूप से अभिनय कला में खुद को सिद्ध कर लेंगे तो उन्हें खुद ब खुद लाइम लाइट मिल जाएगी। इसलिए, अपने काम पर फोकस करें। अपने काम पर ध्यान केंद्रित जितना ज्यादा रखोगे, कामयाबी उतनी ही नजदीक आती चली जाएगी।

### अभिनेता बनने के लिए पहले पुस्तक पढ़ने की आदत डालना जरूरी



सिनेमा हो या रंगमंच के कलाकार, उनमें किताबें पढ़ने की आदत होगी तभी वह किसी भी चरित्र को जीवंत बना सकेगा। साथ ही किताबें मोबाइल या कंप्यूटर से पढ़ने की बजाय सीधे पुस्तक लेकर पढ़ें। पुस्तक के पन्नों पर लिखे अक्षर की शैली, शब्दों को देखेंगे तो आप में नए रचनात्मक गुण विकसित होंगे। सही लहजे में बातचीत करना सीखेंगे। अपने व्यक्तित्व को प्रभावशाली बना पाएंगे। एक अभिनेता अपने संवाद, वाकशैली, व्यक्तित्व से ही दर्शकों को प्रभावित करता है। ऐसे में एक्टिंग के प्रशिक्षण का पुस्तक पढ़ने की आदत एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभिनेता ने अपने शहीद फिल्म में निभाए चंद्रशेखर आजाद की भूमिका व संवाद का जिक्र किया।

### नए प्रोजेक्ट को लेकर किए सवाल-जबाव

*90 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला में शिरकत करने के दौरान प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता अखिलेंद्र मिश्र से हरिभूमि की टीम ने बातचीत की। उनसे उनके एक्टिंग व आने वाले नए प्रोजेक्ट के बारे में सवाल-जबाव किए। इसके कुछ अंश प्रस्तुत हैं।*

- सवाल- एक्टिंग में कॅरियर बनाने आज के युवाओं में अभिनय कला को साधने की क्षमता को कैसे देखते हैं?
- जवाब- आज के युवा अपार ऊर्जा से भरे हुए हैं, उनमें अभिनय कला की अनंत संभावनाएं हैं, पर सही दिशा देने की जरूरत है।
- सवाल- आप किताबें भी लिखते हैं। इतनी व्यस्त समय पर किताबें लिखने समय कैसे निकाल पाते हैं?
- जबाव- कोरोनाकाल में मैंने समय का सद्धुपयोग करते हुए अपना पहला पुस्तक लिखा, जो आज बेस्ट सेलर बुक बनी हुई है।
- सवाल- आपका आने वाला नया प्रोजेक्ट कौन-कौन सा है?
- जबाव- अभी दो-तीन फिल्में फ्लोर पर हैं। इसमें किस-किस को प्यार करूं-2, मेरे पापा और एक वेबसीरीज शामिल हैं।

## मंच पर मां दुर्गा के विविध रूपों को किया सजीव

**रायपुर।** सुरवरवर्षिणि दुर्धरधर्षिणि दुर्मुखमर्षिणि हर्षरते...तीज पर्व पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र पर आधारित नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। जैसे ही मंच पर मां दुर्गा के विविध रूपों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल भवन में किया गया। जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्यों ने सहभागिता दर्ज की। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत यह नृत्य नाटिका तीज महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें शक्ति, भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



### तीजा-पोरा के तिहार आगे...लोकगीत पर थिरकीं महिलाएं

आगे-आगे तीजा-पोरा के तिहार आगे... की मधुर धुन पर जब छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की रंग-बिरंगी छटा मंच पर बिखरी, तो सभागार में मौजूद दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। तीज महोत्सव के अवसर पर पारंपरिक गीतों और लोकनृत्यों की ऐसी झलक देखने को मिली, जिसने पूरे माहौल को सांस्कृतिक उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। छत्तीसगढ़ी लोककला की जीवंत प्रस्तुति के साथ मंच पर कलाकारों ने ग्रामीण संस्कृति, परंपराएं और तीज की भावनाओं को बखूबी जीवंत किया। समारोह में एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 25 से अधिक समूहों ने भाग लिया। इसमें एकल नृत्य में स्वीटी शर्मा, युगल नृत्य में सुरभि और ममका त्रिपाठी और सामूहिक नृत्य में महिषासुर मर्दिनी ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। इस अवसर पर तीज सुंदरी का खिताब उन्नती शुक्ला को मिला। कार्यक्रम में अरविंद ओझा, नमिता शर्मा, सुरेश मिश्रा, प्रीति मिश्रा और सुमन मिश्रा उपस्थित रही।

## रायगढ़ घराने की ठुमरी सुर-ताल पर थिरकी इशिका

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के चौथे दिन देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सुर, ताल और लय का अनूठा संगम रचा। इस अवसर पर बिलासपुर की 14 वर्षीय प्रतिभाशाली कलाकार इशिका गिरी ने कथक नृत्य में मनमोहक प्रस्तुति दी। इशिका ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत सरस्वती वंदना से की, इसके बाद उन्होंने तोड़े-टुकड़े प्रस्तुत किए और अंत में महाराजा चक्रधर सिंह के रायगढ़ घराने की ठुमरी पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कम उम्र में ही शास्त्रीय नृत्य में विशेष पहचान बना चुकी इशिका गिरी ने अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।



वर्तमान में वे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सम्बद्ध कमलादेवी संगीत महाविद्यालय रायपुर में प्रो. डॉ. आरती सिंह के मार्गदर्शन में नृत्य की बारीकियां सीख रही हैं। वर्ष 2025 में भी इशिका ने भोरमदेव महोत्सव, महिला मड़ई सहित कई प्रतिष्ठित आयोजनों में अपनी नृत्य कला से छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ाया है।

### रंगमंच के कलाकारों ने 'बुढ़वा बिहाव-गोदना' पर किया नाटक मंचन

कार्नर न्यूज

# बुढ़वा बिहाव-गोदना नाटक से कलाकारों ने दिया लालच में पड़कर शादी-ब्याह न करने का संदेश

**रायपुर।** संस्कृति विभाग के तीन दिवसीय रंग-परब महोत्सव का समापन रविवार शाम को हुआ। रंग-परब महोत्सव के अंतिम दिन रंग-मंच के मजे हुए कलाकारों ने घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर रामशरण वैष्णव के निर्देशन में 'बुढ़वा बिहाव-गोदना' पर नाटक का मंचन किया। नाटक की शुरुआत सांस्कृतिक नृत्य और गानों के साथ हुई। जहां सभी नाट्य कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा में जीवंत नाटक की प्रस्तुति दी। मंच पर दो दोस्त मंगलू और झंगलू छेर-छेरा मांगते और गीत गाते प्रस्तुत हुए। दोनों दोस्त जहां भी जाते तो मंगलू केवल खाने की बात करता है। इससे दोनों के बीच प्यार भरा नोक-झोंक होने लगता है। झंगलू बोलता कि हर जगह खाने की बात मत किया कर, जो काम के लिए आए हैं, वो करते हैं। इतने में मालती व उसकी सहेली आती हैं और उनका मजाक उड़ाती हैं। इनको तो कुछ आता नही हैं। फिर दोनों सहलियां उनको छेर-छेरा के बारे में सिखाती हैं। हंसी-ठिठोली के साथ नाटक आगे बढ़ रहा होता। मालती के पिता आता है और मंगलू और झंगलू को मारने लगता है। दर्शक जोर-जोर से हंसने लगते हैं। वक्त बीतता है और नाटक के बीच में नृत्य व गीतों के साथ नाटक के उद्धेश्य को समझाया जाता है। इस बीच मंगलू और मालती में प्यार हो जाता है।



### युवाओं पर फैसले छोड़ें

नाटक से यह संदेश देते हुए कलाकारों ने बताया कि लालच में आकर कोई निर्णय न लें। विवाह के महत्व को समझें। वर्तमान की परिस्थिति के बारे में बताते कि अब हालात बदल चुके हैं। युवाओं को पता है की क्या गलत और सही है। इसलिए कुछ फैसले उनपर छोड देना चाहिए। सामने बैठे नाट्य प्रेमियों को अपने संवाद अदायगी से गुदगुदाने का सफल प्रयास किया और दर्शकों के बीच ठहाकों की गूंज ने उल्लास का माहौल निर्मित किया।



### 20 हजार में तय हुआ मालती का विवाह

नाटक आगे बढ़ता है और पुराने जमाने के विवाह की परंपरा को दिखाया जाता है। मालती के पिता उसका विवाह एक अनजान से तय कर देता है, बिना ये जाने कि उसकी उम्र कितनी हैं। क्योंकि, पुराने समय में लड़के के परिवार पैसे देकर शादी किया करते और इसी लालच में महज 20 हजार रुपए में मालती का विवाह तय हो जाता है। लेकिन, दुविधा की मालती मंगलू से प्यार करती, उसके पिता बिना कुछ उसकी बात सुने बस शादी..शादी का रट लगाने लगता है। शादी के वक्त जब दूल्हे का चेहरा सामने आया तो एक बूढ़ा नजर आता है। ये देखकर मालती के पिता बोलता है कि ये क्या मजाक है। मैंने तो आपके बेटे के लिए अपनी बेटी का रिश्ता तय किया था। दोनों परिवारों के बीच बहस होनी लगती है और इतने में बुढ़वा बोलता कि अगर शादी नहीं हुई तो जान से मार देंगे। ये डर से मालती के पिता बेटी के सामने हाथ जोड़कर बोलता है कि शादी कर लें। जबरदस्ती की शादी जब मंगलू और झंगलू को पता चलता हैं, तो दोनों मालती को भाग ले जाने का प्लान बनाते हैं। विदाई का वक्त आता और पिता निराश और पछतावा में की मेरे हाथों क्या हो गया। इतने में मंगलू-झंगलू आते हैं और पूरी योजना के बारे में बताते हैं। फिर पिता भी मान जाता और बीच रास्ते से मालती को उठा ले जाते हैं और नाटक सामप्त हो जाता है।

लाइव इवेंट

## अपने अनुभवों को लिखें कहानियां वहीं से जन्म लेती हैं



**रायपुर।** किताबें और बातें के दूसरे दिन मैग्नेटो मॉल में युवाओं के बीच लोकप्रिय लेखक सुदीप नागरकर ने चर्चा की। सत्र की शुरुआत में जब उनसे किताब पब्लिशिंग पर सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा कि सबसे पहले लिखना शुरू करना चाहिए, न की यह सोचकर कि इसका कितना फायदा होगा। उन्होंने बताया कि जब आपकी कहानियां या कविताएं पब्लिशर को पसंद आती हैं, तभी वे किताब छापने को तैयार होते हैं। पुरानी परंपरा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले लेखक पब्लिशर को पैसे देकर किताबें छपवाते थे, ताकि रीडर तक पहुंच सके। नागरकर के अनुसार लेखक का असली काम अपने अनुभवों को लिखना है, न की यह चिंता करना कि किताब बेस्टसेलर बने। अगर लेखक इसी सोच में उलझ जाता है तो वहीं हार जाता है।

### अब लेखक अपने पाठकों से सीधे जुड़ सकते हैं

वक्त के साथ सब समझ जाते हैं, बस काम करते रहिए। सोशल मीडिया पर बदलते समय के साथ जो जेनरेशन गैप और नए-नए कंटेंट नजर आते हैं, उसे सकारात्मक मानते हुए उन्होंने कहा कि अब लेखक अपने पाठकों से सीधे जुड़ सकते हैं और तुरंत रीव्यू ले सकते हैं, जो किसी भी राइटर के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किताबों की दुनिया अलग है। भले ही 2021 से 2023 तक पाठकों की संख्या घटी हो, लेकिन अब फिर से बढ़ रही है। किताबें कभी बंद आलमारियों में सजी रहती थी, पर जब उन्हें पढ़ा जाता है तो जो संतुष्टि मिलती है, वह कहीं और संभव नहीं।

### अनुभवों से पाठक जुड़ाव महसूस करते हैं

*उभरते लेखक और न्यू राइटर्स को लेकर सुदीप नागरकर ने कहा कि लेखक को सबसे पहले अपने अनुभवों को लिखना चाहिए, क्योंकि पाठक उन्हीं से जुड़ाव महसूस करते हैं। कहानियां हर जगह मौजूद होती हैं, बस नजर घुमाकर देखना और उन्हें स्याही से पन्नों पर उतारना होता है। जब किताब का कवर डिसाइड किया जाता है तो उसमें पुराने और नए जेनरेशन को जोड़ना चाहिए, क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।*

सिटी इवेंट

## समृद्ध इवेंट इंडस्ट्री का छत्तीसगढ़ में निर्माण संभव, प्लानर्स ने किया मंथन



रायपुर। शहर के शोर-शराबे से दूर नवा रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसोर्ट में तीन दिवसीय कान्फ्रेंस के दूसरे दिन रविवार को नॉलेज सेशन का दौर चला। इसमें देश के सभी बड़े शहरों से आए इवेंट प्लानर्स ने इस इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर की संभावनाओं पर भी मंथन किया। पीएम मोदी द्वारा तय किए गए विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के इवेंट प्लानर्स की ओर से देश के विकास में किस तरह सहभागिता निभाई जा सकती है। प्रदेश में समृद्ध इवेंट और वेडिंग इंडस्ट्री के निर्माण की दिशा में सार्थक चर्चा करते हुए प्रदेश को वेडिंग एवं कॉन्फ्रेंस डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में पहल करने की बात हुई। पैनल डिस्कशन को लेकर मॉडरेटर नवल तिवारी ने बताया कि इस सेशन में प्रदेश एवं देश के दिग्गज इवेंट प्लानर्स और सप्लाई चैन हितधारकों ने अपने विचार साझा किए।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करेंगे सहयोग

*इस चर्चा में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से शुभदा चतुर्वेदी ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में शासन की योजनाएं साझा करते हुए इससे जुड़े देशभर के इवेंट प्लानर्स को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने में इवेंट एवं वेडिंग प्लानर्स की भूमिका पर भी अपना अनुभव साझा किया। इवेंट उद्योग के विषय विशेषज्ञों ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया जाने के राज्य शासन की पहल की सराहना करते हुए प्रदेश में इवेंट मैनेजमेंट पॉलिसी के निर्माण पर राय रखी। इवेंट एंड इंटरनेटमेंट मैनेजरमेंट एसोसिएशन के इस आयोजन का सोमवार को समापन होगा।*

### इंडस्ट्री विकासित होने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

आने वाले समय में प्लानर्स शासन के साथ मिलकर प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक पहल में सहभागिता निभाने को लेकर सहमत हुए हैं। इस सत्र में संस्था के महासचिव भावार्थ वारेटवार, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट विद्या सागर पिंगली, अंकुर सलूजा, आकाश मित्तल, योगेश नवरत्न, राघव सिंघानिया ने अपने विचार साझा किए। साथ ही अभी तक प्रदेश के इवेंट और वेडिंग प्लानर्स द्वारा जितने भी बड़े आयोजन किए गए हैं, उनकी जानकारी दी। इस इंडस्ट्री में युवाओं के रोजगार को लेकर बढ़ती संभावना पर भी सभी प्लानर्स ने जानकारी देते हुए रोजगार के अवसर और आर्थिक समृद्धि की संभावना से प्लानिर्स को जोड़ा।

राजधानी में स्थापना के पांचवे दिन पंडालों में विघ्नहर्ता की भक्ति से शहर सराबोर, रविवार को परिवार के साथ निकले लोग..

# ऑपरेशन सिंदूर, शिव प्रसंग, छठ पर्व की झलक देखने पंडालों में देर रात तक आस्था की कतार

'भगवान गणेश की स्थापना के पांचवे दिन रविवार पड़ने से लोग परिवार के साथ विघ्नहर्ता की एक झलक पाने के लिए उत्सव स्थलों का भ्रमण करने निकले। संजय गांधी चौक पर ऑपरेशन सिंदूर का दृश्य लोगों को गर्व और भक्ति का एहसास करा रहा है। इसी तरह से प्रभात टाकीज के पास भगवान गणेश रिद्धि-सिद्धि के साथ छठ पर्व करते हुए मुद्रा में आकर्षण का केन्द्र हैं। इस साल भी लोगों में भगवान गणेश के साथ सेल्फी का क्रेज देखने को मिल रहा है। गजानन के पंडालों में लोग दर्शन करने के लिए देर-रात तक कतार का हिस्सा भी बन रहे हैं।'



**रायपुर।** सावन में महादेव की आराधना के बाद प्रथम पूज्य गणेश की स्थापना से एक बार फिर उत्सव का माहौल बनने लगा है। गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा स्थापना के बाद पूजा का सिलसिला शुरू हुआ। गणेशोत्सव स्थलों पर रविवार की शाम ढलते ही लोग परिवार के साथ भगवान गणेश के नयनाभिराम स्वरूप की एक झलक पाने के लिए निकले। शहर के कई उत्सव स्थलों पर कतार का हिस्सा भी बनना पड़ा। पास लेकर दर्शन की सुविधा भक्तों को समितियों ने दिया। इस तरह की स्थिति गुढ़ियारी में देखने को मिली। इस बार भी झांकी के रूप में उत्सव स्थल आकर्षण का केन्द्र है। अब समितियों ने शहर के लोगों को उत्सव से जोड़ने के लिए पंडाल की आकर्षक झलकियों को सोशल मीडिया में वायरल करने लगे हैं। इसे देखने के बाद लोग अलग-अलग क्षेत्र में आकर्षक स्थल सज्जा और गणेशजी का दर्शन लाभ लेने के लिए कतार का हिस्सा बन रहे हैं।



### लाखेनगर में दिव्य प्रतिमा का क्रेज

इस साल भी लाखेनगर में युवाओं की टोली ने दिव्य गणेश पंडाल को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया है। शिव और पार्वती के स्वरूप में भगवान गणेश की एआई बेस्ड प्रतिमा लोगों के बीच चर्चा का विषय है। ओपन मंच पर विराजे भगवान गणेश को देखने के लिए भक्तों का हर रात मेला लगने लगा है। इसे देखते हुए समिति के वालंटियर्स व्यवस्था में सहयोग दे रहे हैं।



### शिव की कथाओं से जुड़ी झांकी

गुढ़ियारी पड़ाव में इस साल दिव्य शिव परिवार की आकर्षक एवं चलित झांकी देखने के लिए लोग परिवार के साथ आधी रात तक इंतजार भी करने को तैयार नजर आए। प्रवेश करते ही उन्हें कैलाश पर्वत सा दृश्य देखने को मिल रहा है। भगवान गणेश की मूर्ति के साथ ही शिव प्रसंग से जुड़ी चलित झांकी लोगों को आकर्षित कर रही और लोग लाइन भी लगा रहे हैं।

### सेना के शौर्य संग भक्ति का उत्साह

स्टेशन रोड के पास संजय गांधी चौक पर जय भारत गणेश उत्सव समिति के राजेश, प्रतिक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने मिलकर इस गणेश उत्सव को आस्था और देश भक्ति के जज्बे से सजाया है। भगवान गणेश की सेना के साथ हनुमान मिसाइल के साथ ऑपरेशन सिंदूर की झलक दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों के बीच पेश किया। यहां लोग सेल्फी भी बना रहे हैं।

### राठौर चौक पर महाराजा स्वरूप में गणेश

भव्य पंडाल में नवनिर्माण गणेश उत्सव समिति राठौर चौक पर इस बार भगवान गणेश का पारंपरिक स्वरूप में स्थापित किया गया है। आराध्य देव महाराजा की तरह विराजमान हैं। प्रतिमा के साथ सेल्फी बनाने वालों का उत्साह हर दिन बढ़ रहा है। समिति के आशीष राठौर, नवीन राठौर आने वाले भक्तों को सुविधा देने के लिए वालंटियर्स के साथ सहयोग कर रहे हैं।

### शिव और पार्वती संग गणेश और कार्तिकेय

श्री विनायक गणेशोत्सव समिति गंजपारा का नजारा मुंबई जैसा है। इस रूट को रंगीन लाइटों से सराबोर किया गया है। पंडाल में इस बार भगवान शिव और माता पार्वती गणेश और कार्तिकेय को खेलाते हुए आकर्षक मुद्रा में हैं। अर्पित सूर्यवंशी, राहुल राय, गुरमीत सिंह और गोपाल साहू आने वाले भक्तों को दर्शन करने के लिए बनाई गई व्यवस्था से जोड़ते हुए अवसर दे रहे हैं।



### रिद्धि-सिद्धि संग पूजा करते हुए विघ्नहर्ता

इस रूट पर आगे प्रभात टाकीज के पास इस बार गणेश उत्सव समिति ने छठ पूजा थीम पर भगवान गणेश मूर्ति की स्थापना की है। इसकी एक झलक पाने के लिए लोग आतुर नजर आए। यहां भक्ति से ओतप्रोत भोजपुरी बेस्ड छठ पूजा की तर्ज पर ही गीत-संगीत लोगों को पसंद आ रहा है। वहीं, रिद्धि-सिद्धि संग छठ पूजा करते हुए गणेश भगवान की झांकी लोगों को भा रही है।

## चातुर्मास प्रवचन में गूंजी क्षमा की महिमा, साधु-संतों ने दिए प्रेरक संदेश



**रायपुर।** जैन साधु-संतों की पावन निश्रा में आम्रपाली सोसाइटी में रविवार को क्षमापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन चले विविध धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक क्षमायाचना करते हुए एक स्वर में कहा कि 'मिच्छामी दुक्कडम।' किसी ने गले लगाकर, तो किसी ने हाथ जोड़कर अपनी भूलों के लिए क्षमा मांगी और विनम्रता से निवेदन किया- 'यदि मुझसे जाने-अनजाने में कोई गलती हुई हो तो मैं क्षमा याचना करता हूं।' सुबह 8.30 बजे न्यू राजेंद नगर से चैत्य परिपाटी निकली, जो आम्रपाली सोसाइटी में समाप्त हुई। सामूहिक क्षमायाचना के बाद धर्मसभा में तपस्वियों का बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्री शांति कल्याण संघ की ओर से सुरेश बाघमार, चातुर्मास समिति की ओर से अशोक सुराना एवं कमलेश ललवानी आदि ने उद्बोधन किया। संघ की ओर से गुरु भगवंतों एवं आराधकों से क्षमायाचना की गई। कार्यक्रम के पश्चात श्रीसंघ की ओर से स्वामी वात्सल्य रखा गया था। आम्रपाली सोसायटी स्थित अभिनंदन स्वामी जैन मंदिर परिसर में शनिवार को आयोजित धर्मसभा में चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत जैनाचार्य पूज्य महेंद्र सागर, विजय सागर सहित अनेक साधु-संत शामिल हुए।

### निर्मल आत्मस्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है

रविवार को अमलतास केसल, कचना स्थित श्री 1008 मुनिसुव्रत नाथ मंदिर में चल रहे दसलक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस पर उत्तम शौच धर्म मनाया गया। जिसके अंतर्गत प्रातः 7. 25 बजे 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान को पांडुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक व शांति धारा की गई। प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य श्री कुलदीप सिंघई परिवार, द्वितीय प्रकाश जी छाबड़ा परिवार, तृतीय नीरज बाकलीवाल परिवार एवं चतुर्थ डॉ. प्रणय अनिल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात संगीतमय सामूहिक पूजन की गई। 1008 श्री पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। उत्तम शौच धर्म की विवेचना करते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि शौच धर्म का अर्थ है कि शुचिता रखना अर्थात मन से, वचन से, काय से अपनी आत्मा को पवित्र करना। पवित्रता से अनुराग रखिए। लोभ का कोई अंत नहीं है। जिस प्रकार मृग कस्तूरी के लोभ में जीवन भर भटकता है, वैसे ही मानव लोभ से आत्मा को दूषित करता है और इस मोह रूपी संसार में भ्रमण करता रहता है। लोभ से मुक्त निर्मल आत्मस्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है।



## वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया हुए अग्र विभूति पुरस्कार से सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित नवम अग्र अलंकरण समारोह में रायगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया को पत्रकारिता के क्षेत्र में 4 दशक से अहम योगदान देने व सर्वश्रेष्ठ निर्भीक पत्रकारिता के लिए अग्र विभूति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, बसना विधायक संपतलाल अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा नवम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन 28 अगस्त को रायपुर को एस एन पैलेस में किया गया। जहां 18 विभिन्न क्षेत्रों में अग्रवाल समाज को गौरव प्रदान करने वाले 27 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अग्र अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री रतेरिया के अग्र विभूति पुरस्कार से सम्मानित होने पर रायगढ़ के वरिष्ठ सामाजिक नेता अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल ने इसे पूरे रायगढ़ के अग्रवाल समाज का सम्मान बताया। वे भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पौधों की बेहतर कटिंग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** प्रकृति प्रेम और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'प्रकृति की ओर' सोसाइटी द्वारा रविवार को गांधी उद्यान में पौधों के 'कलम की अदला-बदली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष मोहन वल्यानी ने बताया कि इस अनोखे आयोजन में बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की पौधों की कटिंग का आपस में आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें डॉ. विजय जैन, डॉ. अनिल चौहान और वैज्ञानिक डीके तिवारी ने कटिंग से पौधे तैयार करने की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी।

कार्नर न्यूज

राधाष्टमी पर विशेष कड़ी का भोग, श्रद्धालुओं को राधा रानी के चरणों के दुर्लभ दर्शन

# मीठे रस से भरी रे, राधा रानी लागे...



रायपुर। राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी...मीठे रस से भरी रे, राधा रानी लागे...भक्ति के इस मधुर स्वर में डूबा शहर रविवार को राधाष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगल आरती के साथ ही शहर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान एवं भजन- कीर्तन प्रारंभ किया गया। मंदिरों में श्री राधा रानी के चरणों और उनके मनमोहक रूप के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शहर के प्रमुख मंदिर सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर, इस्कॉन मंदिर, समता कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, जैतू साव मठ और महादेव घाट के राधा-कृष्ण मंदिर को भव्य पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया। वहीं, मंदिरों में सुबह से प्रारंभ भजन-कीर्तन, मंगल आरती और धार्मिक अनुष्ठान देर रात तक चलता रहा। इस पावन अवसर पर स्वर्ण-चंदी के अलावा दूसरे राज्यों के मंगाई गई आकर्षक पोशाक से राधा रानी का श्रृंगार किया गया।



### 25 प्रकार की मिठाई, पसहर चावल, फल, जलेबी, पूड़ी, ठेठरी-खुरमी का भोग



जैतू साव मठ राधाष्टमी के खास पर्व पर 121 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया, जिसमें 25 प्रकार की मिठाई, पसहर चावल, फल, जलेबी, पूड़ी, ठेठरी-खुरमी जैसे कई व्यंजनों का भोग लगाया गया। वहीं, महाआरती के दौरान गर्भगृह को सुगंधित फूलों से सजाया गया। सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में भी महिला मंडल सुबह से ही बधाई गीत गाती व झूमती नजर आई। राधाष्टमी पर समता कालोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान रविवार सुबह से निरंतर जारी रहा। श्री राधा रानी के मनमोहक श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देर रात तक उमड़ती रही। यहां पर कोलकाता के पोशाक और मुंबई की कारीगरी से सजा आभूषण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### श्री राधा रानी के पावन चरणों के दुर्लभ दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

राधाष्टमी के पावन अवसर पर इस्कॉन मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर साल में एक बार श्री राधा-रानी के पावन चरणों के मिलने वाले दुर्लभ दर्शन के लिए चार हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। मंगल आरती से धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम प्रारंभ हुआ, जो दिनभर श्रद्धा और भक्ति के साथ चलता रहा। राधा रानी के जन्मोत्सव को विशेष रूप से भव्य बनाने के लिए 56 भोग की प्रसादी अर्पित की गई। साथ ही मुंबई और वृंदावन से विशेष रूप से मंगवाई गई जरी और स्टोन वर्क से सजी पोशाक एवं आभूषण श्री राधा रानी को पहनाए गए।

### दोपहर 12 बजे ढोलक बजाकर भक्तों ने एक-दूसरे को दी जन्मोत्सव की बधाई

राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी...जैसे बधाई गीतों से मंदिर परिसर राधाष्टमी पर गूंज उठा। दोपहर 12 बजे भक्तों की मौजूदगी में भव्य रूप से जन्मोत्सव मनाया गया, जहां श्रद्धालु तालियों व ढोलक बजाकर एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई देते नजर आए। महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर को सुगंधित फूलों से सजाया गया। वहीं, राधारानी का प्रिय भोग कड़ी भी अर्पित की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-14 में हिस्सा लेगी बीसीए की टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर 14 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 24 अगस्त को कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया गया।इस चयन स्पर्धा में कुल 155 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी में प्रदर्शन के आधार पर 42 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन सभी 42 खिलाड़ियों का एक शिविर आगामी माह में आयोजित कर तीन टीमों का गठन किया जाएगा। इन टीमों के आपस में मैच कराए जाएंगे। इन मैचो में प्रदर्शन के आधार पर 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जो कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रक्रिया के कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार भारद्वाज थे। आगामी 7 सितंबर रविवार को भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर 23 एवं सीनियर वर्ग की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन कल्याण कॉलेज इंडोर पिच में किया जाएगा। जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वह सोमवार 1 सितंबर से 5 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने बताया कि अंडर 14 चयन स्पर्धा के दौरान पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आशीर्वाद दिया।

### खेल महोत्सव प्रतिभा दिखाई अग्रसेन कॉलेज के स्टूडेंट ने



**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में 29 और 30 अगस्त को खेल महोत्सव 2.0 का आयोजन मैक स्पोर्ट्स और जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड के सहयोग से हुआ। कॉलेज के चेयरमैन रामेश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल , कॉलेज सेक्रेटरी सरिता अग्रवाल, कॉलेज प्रिंसिपल जैस्मीन जोशी , वाइस प्रिंसिपल श्वेता तिवारी की मौजूदगी में समारोह की शुरुआत मशाल दौड़, खेल शपथ और भव्य ग्रैंड ओपनिंग के साथ हुई। समारोह में शिक्षकों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। इस दो दिवसीय महोत्सव में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आउटडोर खेलों में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल और रस्साकशी ने रोमांच बढ़ाया, जबकि इंडोर खेलों में शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस ने दर्शकों का ध्यान खींचा। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने टीम भावना, रणनीति और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।मैदान और हॉल में तालियों और उत्साह की गूंज बनी रही। विजेताओं को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया।खेल

### फुटबॉल में अकादमी रायपुर की टीम 2-1 से विजयी



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा नेशनल स्पोर्ट्स डे सेलिब्रेशन के द्वितीय चरण में आज 30 अगस्त को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेल अकादमी रायपुर की 02 टीमों के मध्य किया गया। राजधानी रायपुर की टीम से धारा पांडे पहले हाफ मे 01 गोलमारी दूसरे हाफ में अंतराल के पश्चात अकादमी रायपुर की टीम से सोनाक्षी यादव और देविका नेताम ने एक-एक गोल की बढ़त बनाई। अकादमी रायपुर की टीम 2-1 से विजई हुई, मैच के निर्णायक योगिता साहू नूपुर धीवर , गीतांजलि तारक और उर्वशी भोई थे। फुटबॉल की वरिष्ठ प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो ने बताया कि बालिकाओं ने बहुत ही उच्च स्तर का प्रदर्शन किया। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम, ने बताया कि बालिका खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी क्रम में रविवार को दुर्ग जिला मुख्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश साइक्लिंग एसोसिएशन के साथ मिलकर वृहद साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के अवसर पर अनमोल विवेक टोप्पो, सहायक संचालक, युवा कल्याण अधिकारी जितेंद्र नायक, जिला खेल अधिकारी रायपुर प्रवेश जोशी, खेल अधिकारी सुशांत पॉल, खेल अधिकारी गिरीश शुक्ला, वरिष्ठ प्रशिक्षक रश्मि संध्या, वरिष्ठ प्रशिक्षक टी एन रेड्डी, संविदा फुटबॉल प्रशिक्षा सरिता यादव एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 30 की उम्र से पहले सफेद हो रहे बाल तो बदलिए अपनी लाइफ स्टाइल

# कम उम्र में सफेद होते बाल बढ़ा रहे चिंताएं खानपान की आदतें भी हैं इसके लिए जिम्मेदार

युवाओं में कम उम्र में बालों की समस्या काफी तेजी से बढ़ती हुई देखी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग 30 की उम्र से पहले ही बालों के झड़ने या सफेद होने की दिक्कत से परेशान हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बालों की इस तरह की बढ़ती समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें लाइफस्टाइल-आहार की गड़बड़ी से लेकर कई पर्यावरणीय स्थितियां भी जिम्मेदार हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहतें हैं सभी लोगों को दैनिक रूप से बालों को स्वस्थ रखने वाले प्रयास करते रहने चाहिए। युवाओं में बढ़ती इन समस्याओं के कारणों को समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि हमारे दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतों का बालों की सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। धूम्रपान ऐसी ही एक आदत है जिसके कारण बालों के सफेद होने की समस्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है।आइए इसके अन्य जोखिमों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### क्यों सफेद होते हैं बाल?

बाल सफेद करने वाले कारकों के बारे में जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर प्राकृतिक रूप से ये सफेदी क्यों आती है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे बालों के रोमों में रंगद्रव्य कोशिकाएं होती हैं जो मेलेनिन बनाती हैं, यह रसायन ही हमारे बालों को रंग देता है। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, ये कोशिकाएं मरने लगती हैं।

### धूम्रपान के कारण होने वाली समस्या

शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अधिक धूम्रपान करते हैं उनके बाल, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में अधिक तेजी से सफेद होते हैं। शोध में पाया गया कि धूम्रपान मेलेनिन उत्पादन को बंद कर सकता है और इसलिए समय से पहले बाल सफ़ेद होने लगते हैं। इसके अलावा सिगरेट के धुएं में मौजूद विषाक्त पदार्थ शरीर में हार्मोनल संतुलन को भी बिगाड़ सकते हैं, यह बालों के रोमों को नुकसान पहुंचाता है, जिसके कारण भी बालों में सफेदी की समस्या हो सकती है।



### ज्यादा तनाव लेना भी हानिकारक

अधिक तनाव लेने की स्थिति को बालों की समस्याओं से जोड़कर देखा जाता है। यदि आप अधिक तनाव लेते हैं तो इससे न सिर्फ समय से पहले बालों के टूटने की समस्या हो सकती है साथ ही यह कम उम्र में बालों के सफेद होने की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। अध्ययन से पता चलता है कि तनाव की समस्या वास्तव में आपके बालों को सफेद कर सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि यह भी बालों के रंग वर्णकों को क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।





## कामकाजी महिलाएं योगासन से रखें खुद को चुस्त-दुरुस्त

30 की उम्र में हम काम में बिजी रहते हैं और अपने लक्ष्यों के पीछे भागते हैं। यह वह समय भी है, जब हमें अपने प्रियजनों, जीवनसाथी, परिवार आदि की जिम्मेदारी निभानी होती हैं। ऐसे में इन योगासन से खुद को फिट रखा जा सकता है। घर की जिम्मेदारियां हो या ऑफिस का काम, महिलाएं अपनी हर जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाती हैं। लेकिन, इन सभी कामों के बीच वे अपनी सेहत को अक्सर नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में हेल्थ से जुड़ी कई परेशानियां जैसे डायबिटीज, हार्ट से जुड़ी समस्याएं, मोटापा, पीठ में दर्द आदि का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में महिलाएं खुद को फिट और एक्टिव रखने और समस्याओं से बचाव के लिए रोजाना कुछ योगासन कर सकती हैं। आज ऐसे योगासन के बारे में जो 30 की उम्र की महिलाओं को रोजाना करने चाहिए। इन योगासन के बारे में हमें फिटनेस ट्रेनर जूही कपूर बता रही हैं। एक्सपर्ट का कहना है, "योग करने से न सिर्फ शरीर हेल्दी रहता है, बल्कि मन भी चुस्त रहता है। इसके अलावा, इससे चेहरे पर निखार भी आता है।"



**एकपादासन :** सीधे खड़े हो जाएं। दाएं पैर को ऊपर उठाएं। इस पैर को बाईं जांघ पर रखें। शरीर के वजन को बाएं पैर पर बैलेंस करें। हृदय चक्र पर प्रणाम मुद्रा में हथेलियों को मिलाएं। दूसरे पैर से योगासन को दोहराएं।

**उत्कटासन :** सीधे खड़े हो जाएं। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर ले जाएं। शरीर को धीरे-धीरे बैठने की मुद्रा में लेकर आएं, जैसे आप चेयर पर बैठते हैं। इस मुद्रा में कुछ सेकेंड्स के लिए रुकें।

### टेटे सीनियर महिला वर्ग में सुष्मिता, होप्स में नीरव और इशी बनें विजेता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में तीन दिवसीय भोला प्रसाद तिवारी स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता रविवार तक चली। इसके पहले 30 अगस्त को सीनियर महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मुकाबले हुए। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत सचिव (राज्य वित्त आयोग) एवं खेल विभूति पुरस्कार अवार्डी डा. भरत अग्रवाल थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की तकनीकि समिति के चेयरमेन अरविंद कुमार शर्मा ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, सह सचिव प्रेमराज जाचक, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में कल खेले गये सीनियर महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मैच में सीनियर महिला वर्ग विजेता -सुष्मिता सोम (बिलासपुर), उपविजेता - सिया मेघानी (बिलासपुर) 4 -1 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग विजेता-नीरव तिवारी (रायपुर), उपविजेता- बी. अजीज (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग विजेता इशी मिश्रा (रायपुर), उपविजेता- आरना ठाकुर (रायपुर) 3-1 से जीते। प्रतियोगिता में रविवार को सीनियर पुरुष एकल वर्ग, यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर के मुकाबले चल रहे हैं।



### ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण लेने खिलाड़ियों में उत्साह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राज्य के चयनित सब जूनियर ,जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर से खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे । ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का प्रथम चरण रायपुर के कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार के निर्देशन में 9 से 14 अगस्त तक हुआ, जिसमें 18 सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसी तरह से शिविर का द्वितीय चरण नागपुर के इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख के मार्गदर्शन में 24 अगस्त से 30 अगस्त तक संपन्न हुआ द्वितीय चरण में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उक्त शिविरों के दरमियान खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने बतौर अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने भी शिरकत किया।


































# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### डूम्सडे में दिखेगा डेडपूल, कहानी में ट्विस्ट का खुलासा किया



रेनॉल्ड्स ने फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में अब डेडपूल भी नजर आएगा पर एक ट्विस्ट है, जि स का खुलासा रयान रेनॉल्ड्स ने किया है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का फैंस इसके ऐलान के वक्त से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तब और बढ़ गई थी, जब खबर आई कि इस फिल्म में 'डेडपूल' यानी रयान रेनॉल्ड्स भी नजर आएंगे। हालांकि, इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई थी। अब खुद रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि 'एवेंजर्सः डूम्सटडे' में डेडपूल यानी वह नजर आएंगे, पर इसमें एक ट्विस्ट है।

रयान रेनॉल्ड्स ने हाल ही सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया। उन्होंने 'एवेंजर्स' का ए लिखा, जिसे डेडपूल स्टाइल की ग्राफिटी के साथ टैग किया। इसी को देख इंटरनेट पर सनसनी मच गई और चर्चा होने लगी कि 'एवेंजर्सः डूम्सेडे' में अब डेडपूल भी नजर आएगा। रयान रेनॉल्ड्स के इस पोस्ट पर चार दिन में 10 लाख से ज्यादा व्यूज और लाखों कमेंट्स आ चुके हैं। कमेंट्स में हर कोई रयान से पूछ रहा है कि क्या वह वाकई 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में नजर आएंगे? वहीं, हॉलीवुड के मीडिया ने कन्फर्म कर दिया है कि 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में रयान रेनॉल्ड्स होंगे, पर ट्विस्ट ये है कि उनका डेडपूल का किरदार प्राइमरी एवेंजर्स टीम का हिस्सा नहीं होगा।

'एवेंजर्सः डूम्ससडे' फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' का सीक्वल है। मेकर्स ने हाल ही इस फिल्म की कास्ट का ऐलान किया था। इसमें थॉर यानी क्रिस हेम्सवर्थ के अलावा डॉक्टर स्ट्रेंज और लोकी जैसे किरदार होंगे, जो इसका अहम हिस्सा हैं।

## टॉलीवुड

### हर सीन पर बहस के बाद 'बाहुबली: द एपिक' हुई फाइनल, राजामौली ने किया खुलासा



'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' को मि ला क र ए स ए स राजामौली अब 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आने वाले हैं। हालांकि, यह इतना आसान नहीं था। अब राजामौली ने 'बाहुबलीः द एपिक के निर्माण में आई मुश्किलों के बारे में बात की है। निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' दो भागों में रिलीज हुई थी। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी और एपिक फिल्मों में से एक है। इन दोनों ही फिल्मों का एक-एक सीन लोगों को काफी पसंद है। अब राजामौली ने अपनी इन दोनों ही फिल्मों को मिलाकर एक फिल्म बनाई है जिसे नाम दिया है 'बाहुबलीः द एपिक'। हालांकि, दो फिल्मों को मिलाकर एक फिल्म बनाना राजामौली के लिए इतना आसान नहीं था। अब निर्देशक ने इसको लेकर सामने आई चुनौतियों के बारे में बात की है। 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' को मिलाकर 'बाहुबलीः द एपिक' बनाना राजामौली के लिए काफी मुश्किल भरा रहा। वजह है कि दोनों ही फिल्में उनकी ही हैं और दोनों ही फिल्में उनके दिल के काफी करीब भी हैं। ऐसे में 'बाहुबलीः द एपिक' को लेकर राजामौली का कहना है कि दो फिल्मों को एक ही भाग में बनाना कोई आसान काम नहीं है और इसके लिए टीम को कई त्याग करने पड़े। निर्देशक ने बताया कि बाहुबली का हर सीन और गाना मेरे लिए अनमोल है। अंतिम चुनाव करना आसान काम नहीं था और हम कई बहसों से गुजरे और कई दिनों तक गरमागरम बहस हुई। यह अब तक का सबसे कठिन सफर है क्योंकि यह तय करना मुश्किल था कि 'बाहुबलीः द एपिक' के अंतिम संस्करण से क्या हटाया जाए। बाहुबली के कुछ गाने हटा दिए गए।

## छॉलीवुड

### 'कौसल्या महामाई' में नजर आए सांसद बघेल, पारकर के गीतों पर झूम उठे




₹माता कौसल्या जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र 'कोसला' धाम (पामगढ़) के नाम से स्वर स म्रा ट ₹ दु का लू यादव₹ के स्वर में ₹ कौ स ल्या म हा मा ई ₹ एल्बम की रिलीज़ होते ही चर्चा में है। गीतकार दुर्गा प्रसाद पारकर के लिखे इस भक्ति गीत पर दुर्ग सांसद विजय बघेल भी माता भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। इस एलबम के निर्माता निर्माता- कुलेश्वर प्रसाद निषाद,निर्देशक/संगीतकार उत्तम तिवारी, प्रेरणा स्त्रोत दुर्ग सांसद बघेल के साथ जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े हैं। गीतकार श्री पारकर ने बताया कि माता कौसल्या जन्म भूमि कोसला धाम जसगीत माता कौशल्य को समर्पित है। पिछले दिनों माता कौशल्या चिन्हारी सम्मान भी सांसद बघेल को प्रदान किया गया था। श्री पारकर इन दिनों माता कौशल्या की जन्मभूमि ग्राम कोसला को मान्यता दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। इस एलबम में सांसद विजय बघेल, कुलेश्वर प्रसाद निषाद, अरविन्द बसु और भरत राणा ने अभिनय किया है। इस एलबम में नृत्य निर्देशक/मेकअप-विलास राउत, कृष्णा,कैमरा/एडिटिंग-सुनील वर्मा,सह. कैमरा- धनेश वर्मा, पप्पू रजक और ड्रोन- अशोक प्रसाद हैं। श्री पारकर ने बताया कि इस एलबम को तैयार में करने में शिक्षाविद् डॉ शांति लाल कैवर्त्य एवम पामगढ़, जिला- जांजगीर के ग्राम कोसला के समस्त निवासियों का विशिष्ट योगदान है।

लाइफ स्टाइल




इस साल के मेट गाला से लेकर वसंत/ग्रीष्म कैटवॉक शो तक, मोतियों का अपना कालातीत आकर्षण बना हुआ है और 2025 के आखिर तक ये नए और रोमांचक रूपों में सामने आते रहेगा। आर्ट गैलेरी एसट्रिड एंड मियू की संस्थापक कोनी नाम कहती हैं, ₹पिछले वर्षों में हैरी स्टाइल्स जैसे सितारों की बदौलत मोतियों का फैशन ज़बरदस्त तरीके से ट्रेंड हुआ है और ये आगे भी बना रहेंगा।

# मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल करें सही तरीके से



मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम आए दिन अपनी मेकअप वैनिटी में नए से नए प्रोडक्ट्स को शामिल करते रहते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि मेकअप कई प्रकार के होते हैं, लेकिन इसी के साथ मेकअप को केवल चेहरे पर ही नहीं किया जाता है बल्कि इसे शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि बॉडी का कलर भी चेहरे के साथ मिलता हुआ नजर आए।

वहीं मेकअप हाइलाइटर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसे चेहरे के अलावा आप शरीर के हाई पॉइंट्स पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं चेहरे के अलावा मेकअप हाइलाइटर को बॉडी के हाई पॉइंट्स पर इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ टिप्स।

### मेकअप हाइलाइटर को पैरों पर कैसे करें इस्तेमाल

अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहन रही हैं तो घुटने पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहे तो घुटनों से लेकर पैरों तक में मेकअप कंटूरिंग कर फिर आप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहे तो लिक्विड हाइलाइटर को मॉइस्चराइजर में मिक्स करके टांगों पर लगा सकती हैं।

### गर्दन पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कैसे करें?

चेहरे के हाई-पॉइंट्स के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल गर्दन पर भी कर सकती हैं ताकि चेहरे का टोन गर्दन से आसानी से मैच कर जाये और आपका लुक खूबसूरत नजर आए। वहीं अगर आपकी गर्दन का कलर चेहरे से ज्यादा अलग है तो आप पहले कलर कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं और चाहे तो कॉलर बॉन्स पर मेकअप कंटूरिंग कर सकती हैं।

### मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर पर कैसे लगायें?

अगर आप स्लीवलेस या बोल्ड डिजाइन के कपड़े पहन रही हैं तो मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरे के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर के ऊपर लगा सकती हैं। इसके लिए आप पाउडर बेस्ड वाले मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। शोल्डर पर मेकअप हाइलाइटर को लगाने के लिए आप फ्लफी शेप के ब्लेंडिंग ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# सिंपल से लहरिया सूट से में भी आप पा सकती हैं पार्टी वाला लुक





लेहरिया प्रिंट पारंपरिक भारतीय कला का एक बहुत ही खूबसूरत उदाहरण है और इसे राजस्थान और गुजरात में सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिली हुई है। हालांकि, जैसे ही त्योहारों का मौसम आता है लेहरिया प्रिंट की साड़ी, लहंगे और सलवार सूट सभी में नई-नई वेराइटी देखने को मिलने लग जाती है। वैसे तो हम आपको साड़ी और लहंगे की पहले ही बहुत सारी डिजाइंस और वेराइटी दिखा चुके हैं। आज म आपको लेहरिया सलवार सूट सेट दिखाएंगे, जिसे आप छोटे-बड़े किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। साथ ही हम आपको इस तरह के सूट से को इस तरह से स्टाइल करना बताएंगे कि आपका सिंपल से से सिंपल सूट सेट भी स्टाइल करने पर खूबसूरत नजर आएगा और आपको बहुत अच्छा पार्टी लुक मिल जाएगा।



### सिमिट्रिकल लेहरिया सूट डिजाइंस

सिमिट्रिकल कुर्ती डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड कर रहा है और इस तरह की कुर्तियों में लेहरिया प्रिंट बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। आपको बाजार में इस तरह के सूट सेट में एक नहीं कई डिजाइंस मिल जाएंगे। आप इस तरह के सूट को किसी भी पार्टी में कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो इस तरह के सूट सेट के साथ हैवी दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

### लेहरिया सूट सेट की विशेषताएं और डिज़ाइन

लेहरिया एक विशेष प्रकार की छपाई तकनीक है जिसमें सूती या रेशमी कपड़े पर विभिन्न रंगों में लहराते हुए डिजाइन बनाए जाते हैं। इस तकनीक में कपड़े को रंगते समय उसके किनारों को लहराते हुए रंगा जाता है, जिससे कपड़े पर लहरिया का पैटर्न उभरता है। इस पैटर्न को महिलाए बहुत ज्यादा पसंद करती हैं और यह बहुत ही एथनिक लुक भी देता है।

# बेजान दिखने लगी है हाथ-पैर की त्वचा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



इन दिनों कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है। इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है। ऐसे में वापस से ग्लो पाने के लिए आप या तो पार्लर जाकर स्किन ट्रीटमेंट करा सकते हैं या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर वापस निखरती हुई त्वचा पा सकते हैं। बहुत से लोग पार्लर जाकर पैसे खर्च करने से कतराते हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको त्वचा की डलनेस कम करने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आपको निखरती हुई त्वचा पाने के लिए ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत ना पड़े।

### नींबू का रस और शहद

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

### दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें। अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

# काजल लगाने से आंखों को हो सकता है नुकसान



मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए मेकअप प्रोडक्ट्स को खरीदते भी हैं। बदलते ब्यूटी वर्ल्ड में आजकल आई मेकअप को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। वहीं रोजाना के लिए हो या किसी पार्टी में जाना हो, काजल लगाना हम सभी को काफी पसंद होता है। ऐसे में क्या आप जानते हैं कि इसे आंखों पर लगाने के कई नुकसान भी हो सकते हैं। तो आइये जानते हैं आंखों में काजल लगाने के नुकसान क्या हो सकते हैं और बताएंगे काजल से जुड़ी कुछ जरूरी बातें जो करेंगी आपकी आंखों को प्रोटेक्ट-

### हो सकता है इन्फेक्शन

वैसे तो आजकल मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स के काजल आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं है कि इन्हें बनाते समय इस्तेमाल किए जाने वाली चीजें पूरी तरह से नेचुरल हो और आंखों के लिए सेफ हो। बल्कि इन काजल को बनाने के लिए कई तरह के केमिकल से भरी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो न केवल आपकी आंखों में बैक्टीरिया को पैदा कर सकता है। साथ ही, यह आपकी आंखों में कई तरह के इन्फेक्शन का इजाद भी जार सकता है।

### काजल को हटाना है जरूरी

अक्सर रात को घर आने के बाद हम मेकअप रिमूव करते हैं, लेकिन सही तरीके से आंखों में लगे काजल को साफ नहीं करते हैं। बता दें कि रातभर काजल लगे रहने से आपकी आंखों के अंदर जा सकता है और कई तरह के आई इन्फेक्शन जैसे कंजंक्टिवाइटिस से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। रात को सोने से पहले आप इअरबड्स की मदद से आंखों की वॉटरलाइन में लगे काजल को सही तरीके से साफ जरूर करें।

### बढ़ सकती है ड्राईनेस

डेली वियर के लिए हम अक्सर आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए काजल का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ज्यादा देर आंखों में काजल लगे रहने से यह ड्राईनेस पैदा कर सकता है। बता दें कि काजल में मौजूद केमिकल वॉटरलाइन में मौजूद स्किन ग्लांड्स को बंद कर देते हैं, जिससे यहां ऑयल का उत्पाद लगभग बंद हो जाता है और आंखें धीरे-धीरे ड्राई होने लगती है।

कार्नर न्यूज

## बेस्ट दिखने के लिए जरूरी है कि पैंट भी शानदार हो

# खास मौकों के लिए कौन सा फैब्रिक आपकी पैंट के लिए है बेस्ट, जानिए इन तरीकों से

पुरुषों के कपड़े ऐसे होते हैं, जिन पर बहुत ज्यादा प्रिंट या कलर के साथ प्रयोग नहीं किए जाते हैं लेकिन फिर भी इनमें उन्हें बेस्ट दिखना होता है। बात पैंट्स की हो तो आराम भी देखना होता है।

अब ऐसे में अगर फैब्रिक अच्छा होगा तो हर पैंट स्टाइल में इसे फिट बैठाना आसान हो जाएगा। इसलिए पुरुषों के पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक है बेहतरीन? जानिए और अपने स्टाइल को एक नया आयाम दीजिए, जरूरी टिप्स ये रहे-

### फॉर्मल पैंट के लिए

आप फॉर्मल पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक चुनते हैं। आप बस दिखने में सुंदर फैब्रिक खरीद लेते हैं। कीमत ज्यादा होती है तो आप और निश्चिंत हो जाते हैं। लेकिन अब फॉर्मल पैंट के लिए फैब्रिक लेते हुए कुछ बातें ध्यान रखें- कपड़ा ऐसा हो जिसमें रिंकल न पड़ें। हर मौसम के लिए सूटेबल हो।सर्दी के हिसाब से ही फैब्रिक लेना है तो पॉलियस्टर लीजिए। इसमें रिंकल भी नही होते हैं और ये वॉटर



रेसिस्टेंस भी होता है। लेकिन गर्मी में इसको पहनने से गर्मी लगती है।

### कैजुअल पैंट के लिए

कैजुअल पैंट के लिए फैब्रिक लेना है तो ऐसी पैंट होनी चाहिए जिसे कितनी भी देर पहनो, आराम रहे और स्टाइल भी मेनटेन रहे। जींस लेनी है तो इसको आमतौर पर भारी फैब्रिक से बनाया जाता है हालांकि ये आरामदायक भी होता है। जॉगर्स बेहद आरामदायक होते हैं इन्हें लिनेन या कॉटन फैब्रिक पर बनाया जाना चाहिए।

### कार्गो पैंट के लिए

कार्गो पैंट में बहुत सारा सामान रखने का विकल्प होता है साथ में ये स्टाइलिश भी लगते हैं। इसलिए इसके फैब्रिक को मजबूत भी होना चाहिए। कार्गो पैंट के लिए सिंथेटिक फैब्रिक सबसे अच्छा होता है क्योंकि ये ड्यूरेबल होता है। ब्लेंडेड फैब्रिक भी इसके लिए अच्छे रहते हैं जैसे पॉलिएस्टर/ कॉटन या कॉटन/नायलॉन ट्राउजर्स की लिए ट्राउजर्स ऐसे पैंट होते हैं जो फॉर्मल भी होते हैं और कैजुअल भी। इनको कई लोग ऑफिस में पहनना पसंद करते हैं तो कई हैंगआउट में। इनके लिए फैब्रिक लिनेन या कॉटन जैसा हो तो अच्छा रहता है। ये फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर चल जाता है।

